वैशाख शुक्ल - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 290 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 18-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




5 मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं : उसेन बोल्ट

6 आखिर क्यों आदर्श आचार संहिता की कोई नजीर पेश नहीं होती?

7 अब किसी भी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाउंगी : शिवांगी वर्मा

## फर्स्ट टेक

### सिक्किम में भूस्खलन, छह व्यक्तियों को निकाला गया

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम के पचे पाकयोंग जिले में भूस्खलन के बाद मलबे में फंसे छह मजदूरों को कई घंटे के बाद निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये मजदूर नये जिला प्रशासनिक परिसर (डीएसी) के निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे, तभी बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे भूस्खलन हो गया, जिसमें वे फंस गए। अधिकारियों ने कहा कि कई एजेंसियों ने मिलकर काम किया और सभी छह व्यक्तियों को निकाल लिया गया। जिला कलेक्टर ताशी चोफेल ने बचाव कार्यों में शामिल सभी लोगों के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

### यूएनएलएफ(पी) के 34 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली/भाषा।** म्यांमार से मणिपुर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट- पी (यूएनएलएफ-पी) के 34 सशस्त्र उग्रवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों के साथ असम राइफल्स के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वे म्यांमा में प्रतिद्वंद्वी पीडीएफ की भीषण गोलीबारी के बाद मणिपुर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इलाके में सतर्क असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें देखा और चुनौती दी। अधिकारियों ने बताया कि 34 सशस्त्र उग्रवादियों के समूह ने अपने स्वचालित हथियारों के साथ बल के समक्ष आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों को राज्य पुलिस को सौंप दिया गया है।

### रूस खारकीव में बफर जोन चाहता है, कब्जा नहीं : पुतिन

**कीव/एपी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में उसके हमले का उद्देश्य एक 'बफर जोन' बनाना है लेकिन शहर पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है। चीन के हार्बिन के दौरे पर शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेनी गोलाबारी के जवाब में रूस ने खारकीव क्षेत्र में हमले किए। उन्होने कहा, मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर यह जारी रहा तो हम एक सुरक्षा क्षेत्र, एक जोखिम मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए मजबूर होंगे। पुतिन ने कहा कि रूसी सैनिक योजना के अनुसार प्रतिदिन आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस की फिलहाल खारकीव पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है।

| 18-05-2024 सूर्यास्त | 19-05-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:38 बजे | 5:53 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,917.03 | 22,466.10 |
| (+253.31) | (+62.25) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,498 रु. | 86,638 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# जो चुनौती से टकराता है, वह मोदी कहलाता है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हमीरपुर/एजेन्सी।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) को बुंदेलखंड की दुर्दशा का जिम्मेदार ठहराते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि चुनौती को चुनौती देने का नाम मोदी है और जो चुनौती से टकराता है वही मोदी कहलाता है।

हमीरपुर जिले के राठ कस्बे में बीएनबी डिग्री कालेज में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये मोदी ने कहा कि सपा कांग्रेस की सरकारों में बुन्देलखंड के लोग बूंद बूंद पानी को तरसते थे,सूखा बुन्देलखंड की पहचान बन गयी थी। योजना आती थी मगर योजना का सारा पैसा खा जाते थे। भाजपा की सरकार आने के बाद बुंदेलखंड को सूखे की समस्या से निजात दिलाने के लिये एक मिशन के तहत काम किया गया और इसका नतीजा बुंदेलखंड में चारों ओर फैली हरियाली और अगिनत विकास कार्य हैं। चुनौती को चुनौती देने का नाम मोदी है जो चुनौती से टकराता है वही मोदी कहलाता है।

मोदी ने युवा मतदाताओं से कहा कि बुंदेलखंड की समस्या को युवा लोग अच्छी तरह जानते है। बुन्देलखंड में जल जीवन मिशन में 12 करोड़ से ज्यादा घरो में घरो में पानी पहुंचाया गया। क्षेत्र में सैकडो घरों में पानी पहुच चुका है। वह यहां हो रहे कार्यो की रिपोर्ट लगातार लेते रहते है। भाजपा ने केन वेतवा लिंग परियोजना में काम शुरु कर दिया है। उन्होने कहा कि बुंदेलों को पानी मिले, सरकार इसके लिये पूरी तरह संकल्पित है। सरकार इस परियोजना के लिये 40 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च करेगी । तभी विकास के लिये पंख लगेगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल पानी की समस्या हल होगी बल्कि कृषि के उत्पाद में सहायक होगी। उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह का नाम लेकर नाराज लोधी मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास करते हुये कहा कि कल्याण सिंह राममंदिर के लिये अपनी सरकार को बलिदान कर दिया था। विपक्षी उनको श्रद्धाजलिं देने जाते तो उनका वोट कम हो जाता, मगर एक माफिया की मौत पर विपक्षी आसू बहाने गये थे। उन्होने कहा कि अंबेडकर ने संविधान में स्पष्ट किया था कि धर्म के नाम पर आरक्षण नही दिया जायेगा। मगर कांग्रेस व सपा आपके आरक्षण का हिस्सा अन्य समुदाय के लोगों को देना चाहते है। सपा कांग्रेस के इरादे साफ नही है। यह दल आपकी संपत्ति का आकलन कर उसे हड़पने का प्रयास कर रही है।

## ईडी ने शाहजहां शेख की करीब 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जाने के आरोपी एवं तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शाहजहां शेख और उससे कथित तौर पर जुड़े लोगों की 14 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क करने का नया आदेश जारी किया है।



एजेंसी ने बताया कि शाहजहां शेख, उसके भाई एस.के. आलमगीर, शेख सुमैया हाफिजिया ट्रस्ट (आलमगीर द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है), शाहजहां शेख के 'साथियों' अब्दुल अलीम मुल्ला और शिब प्रसाद हाजरा एवं कुछ अन्य की कुल सत्रह बैंक खातों में जमा 3.78 करोड़ रुपये और 10.50 करोड़ रुपये की कुल 38.90 बीघे की 55 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने बताया कि कुर्की का वैकल्पिक आदेश धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया है। ईडी ने इस मामले में 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने का पहला आदेश मार्च में जारी किया था।

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में

# केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र हुआ दाखिल

## ईडी ने 'आप' को बनाया आरोपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी बतौर आरोपी नामजद किया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है।



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल की और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को उनकी व्यक्तिगत हैसियत के साथ-साथ उनके राजनीतिक संगठन 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर भी आरोपी बनाया गया है।

संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं।



## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में कन्हैया कुमार पर हमला, स्याही फेंकी गई

नई दिल्ली/भाषा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर शुक्रवार को निर्वाचन क्षेत्र में कुछ लोगों ने स्याही फेंककर कथित तौर पर हमला किया। यह घटना न्यू उस्मानपुर इलाके में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर उस समय हुई जब कन्हैया स्थानीय पार्षद छाया शर्मा के साथ पार्टी की एक बैठक में शामिल होने के बाद बाहर आ रहे थे। छाया शर्मा की ओर से की गयी एक शिकायत के मुताबिक, ''कुछ लोग आये और कन्हैया कुमार के गले में माला डाल दी। माला पहनाने के बाद कुछ लोगों ने कन्हैया कुमार पर स्याही फेंक दी। कन्हैया कुमार और उनके साथ मारपीट की कोशिश की गई। जब श्रीमती छाया शर्मा ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उन्होंने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया और धमकी दी।'' कन्हैया ने एक बयान में आरोप लगाया कि हमले का आदेश निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज तिवारी ने दिया था।

## ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

**बैंकॉक/ एपी ।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

स्वाति मालीवाल 'मारपीट' मामला :

# पुलिस ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास से साक्ष्य एकत्र किये, बिभव की तलाश शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस की एक टीम ने फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का दौरा किया और वहां पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल पर हुए कथित हमले के संबंध में साक्ष्य एकत्र किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की एक टीम मुख्यमंत्री के सहयोगी एवं मामले में आरोपी बिभव कुमार के घर भी गई, लेकिन वह मौजूद नहीं थे। बिभव पर मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है।



मुख्यमंत्री के सिविल लाइंस आवास का दौरा करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला ने किया और तीन अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। टीम के साथ पांच फोरेंसिक विशेषज्ञ भी थे।

एक अधिकारी ने बताया कि वे शाम करीब 4:45 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और देर शाम तक वहां रुके। उन्होंने बताया कि वे मालीवाल को घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर लेकर गए थे। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने घटनाक्रम की पुष्टि के लिए मुख्यमंत्री के आवास से आठ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्र की है। उन्होंने कुछ सुरक्षाकर्मियों के बयान भी दर्ज किए, जो घटना के समय वहां मौजूद थे। दिल्ली पुलिस इस सप्ताह की शुरुआत में मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट मामले की जांच कर रही है।

इससे पहले दिन में, तीस हजारी अदालत में एक मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का प्रयास, महिला के खिलाफ आपराधिक बल के इस्तेमाल समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है 'राजनीतिक हिटमैन' : मालीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास की कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'राजनीतिक हिटमैन' ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं।



केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर सोमवार को मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की और कुमार को आरोपी बनाया।

मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किसी का नाम लिए बगैर लिखा, ''हर बार की तरह इस बार भी इस 'राजनीतिक हिटमैन' ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।'' मालीवाल ने 'एक्स' पर कहा, ''इसे लगता है कि वह इस अपराध को अंजाम देने के बाद अपने लोगों से ट्वीट कराके और संदर्भहीन वीडियो साझा करके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा।''

## 'आप' ने भाजपा पर केजरीवाल को फंसाने की साजिश का आरोप लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि स्वाति मालीवाल पर हमले का मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंसाने की भाजपा की साजिश है और वह इसका चेहरा हैं। पार्टी ने केजरीवाल के निजी सहायक के खिलाफ राज्यसभा सदस्य मालीवाल श्ररा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

आप की यह टिप्पणी दिल्ली पुलिस श्ररा मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद आई है।



आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि वह पहले से मुलाकात का समय लिए बिना मुख्यमंत्री आवास पहुंची थीं और उनका इरादा केजरीवाल के खिलाफ आरोप लगाने का था। आतिशी ने कहा, आज एक वीडियो सामने आया है, जिसने मालीवाल के झूठ की पोल खोल दी है। अपनी प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और वह दर्द में थीं और उनकी शर्ट के बटन तोड़ दिए गए। सामने आया एक वीडियो बिल्कुल अलग हकीकत बयां करता है।

प्राथमिकी के मुताबिक, कथित तौर पर कुमार ने मालीवाल को लात मारीं और सात से आठ बार थप्पड़ मारे। प्राथमिकी में यह भी कहा गया है कि मालीवाल श्ररा रुकने को कहे जाने के बावजूद कुमार नहीं माने।

आतिशी ने कहा कि वीडियो में मालीवाल आराम से ड्राइंग रूम में बैठी हुई और सुरक्षा कर्मचारियों को धमकाते हुए दिख रही हैं, और उनके कपड़े नहीं फटे थे। उन्होंने दावा किया, वीडियो में वह कुमार को धमकी देती दिख रही हैं। मालीवाल श्ररा लगाए गए आरोप निराधार हैं। मालीवाल ने केजरीवाल से मिलने की जिद की। वह राज्यसभा सदस्य हैं और उन्हें पता होना चाहिए कि मुख्यमंत्री का व्यस्त कार्यक्रम होता है। कुमार ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री व्यस्त हैं और उनसे मिलने में असमर्थ हैं। वह उन पर चिल्लाईं, उन्हें (कुमार को) धक्का दिया और मुख्यमंत्री निवास के आवासीय हिस्से में घुसने की कोशिश की।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बहुत चिंताजनक

हो रहे सियासत में पक्के,
शिक्षण के सारे संस्थान।
हैं छात्र सभी भ्रम के शिकार,
गुरु घंटालों में फँसा ज्ञान।
बन रहे दलों के सब मोहरे,
अपने-अपने जिनके निशान।
पीढ़ी यदि भटक गई तो फिर,
कैसे होगा भारत महान।।

# आतंकवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।



जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर 'प्रतिबंधों की धमकी' का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी।

> कई मायनों में, हम वास्तव में एक तूफान से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए महत्वपूर्ण है कि वह खुद पर इसका कम से कम प्रभाव पड़ने दे और जहां तक संभव हो सके, दुनिया को स्थिर करने में योगदान दे।

जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा, दुनिया तीन 'एफ' यानी 'फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर' (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। जयशंकर ने कहा, आतंकवाद और अतिवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। कई मायनों में, हम वास्तव में एक तूफान से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए महत्वपूर्ण है कि वह खुद पर इसका कम से कम प्रभाव पड़ने दे और जहां तक संभव हो सके, दुनिया को स्थिर करने में योगदान दे।

# पीओके से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय चाहते हैं : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवरिया/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर(पीओके) में हालात ऐसे बन रहे हैं कि वहां लोगों के तरफ से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय करना चाहते है।



रक्षा मंत्री ने देवरिया से बीस किलोमीटर दूर गौरी बाजार में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में काफी सुधार हुआ है तथा क्षेत्र में काफी आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां पहले से ज्यादा शांति व्यवस्था लौटी है। यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व फल है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने आधी सदी देश में चुनी हुई सरकारों को गिराने में लगा दी। उन्होंने कहा कि अब तक देश में अनुच्छेद 356 के तहत 132 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है, इनमें से 90 बार कांग्रेस के शासनकाल में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

# संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने अपने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। 7 अप्रैल, 2022 के अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं।

न्यायालय ने कहा था, यहां इस बात पर गौर करना जरूरी है कि मालिकों की अनुमेय सीमा से आनुपातिक कटौती लागू करके मालिक से ली गई भूमि के मामले में, प्रबंधन और नियंत्रण केवल पंचायत में निहित है लेकिन प्रबंधन और नियंत्रण का ऐसा अधिकार अपरिवर्तनीय है और भूमि पुनर्वितरण के लिए मालिकों को वापस नहीं की जाएगी क्योंकि जिन सामान्य उद्देश्यों के लिए भूमि ली गई है उनमें न केवल वर्तमान आवश्यकताएं बल्कि भविष्य की आवश्यकताएं भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की



धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की अपील करने वाली याचिका पर अपना यह फैसला सुनाया। बृहस्पतिवार को दिए गए एक फैसले में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ श्ररा निर्धारित कानून पर आधारित था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की गई जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में उच्च न्यायालय गलत क्यों था।

पीठ ने कहा यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। भगत राम (1966 फैसला) का निर्णय पांच न्यायाधीशों श्ररा किया गया है, इस अदालत में दो न्यायाधीशों की पीठ भगत राम मामले में अनुच्छेद 5 में संविधान पीठ श्ररा निर्धारित कानून की अनदेखी नहीं कर सकती थी।

इसमें कहा गया है कि संविधान पीठ श्ररा निर्धारित कानून को अनदेखा करना और उसके बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोण रखना एक भौतिक त्रुटि होगी। इसमें कहा गया, हमारे विचार में संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी सुदृढ़ता कमजोर होगी। केवल इस संक्षिप्त आधार पर समीक्षा की अनुमति दी जा सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है।

# भारत 2027-28 तक बन सकता है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : पनगढ़िया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि अगर देश पिछले दो दशकों की वृद्धि रफ्तार को आगे भी जारी रखता है तो भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

पनगढ़िया ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यवसाय शिखर सम्मेलन में कहा कि 2003-04 से शुरू हुए दो दशकों में भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। वर्तमान में अत्यधिक गरीब लोगों का अनुपात कुल जनसंख्या के तीन प्रतिशत से अधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में अल्प-रोजगार की



समस्या है क्योंकि कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र में लगा हुआ है और उन्हें तीव्र शहरीकरण के लिए कृषि से हटाकर उद्योग की तरफ ले जाने की जरूरत है।

फिलहाल भारत का 45 प्रतिशत कार्यबल कृषि क्षेत्र में लगा हुआ है जबकि इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 15 प्रतिशत ही है। इसका मतलब है कि कृषि में औसत उत्पादकता अर्थव्यवस्था की औसत उत्पादकता का एक-तिहाई है। पनगढ़िया ने कहा कि बीते दो दशकों में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भारत की वास्तविक जीडीपी करीब आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। वहीं बाजार मूल्य के हिसाब से पिछले 20 वर्षों में जीडीपी वृद्धि दर 10.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा, आज हमारे पास जो कुछ भी है, उसमें से बहुत कुछ पिछले दो दशकों में हुआ है। इस दौरान हम वैश्विक वित्तीय संकट और कोविड के झटके से भी निपटे। इस वृद्धि ने ही हमें डॉलर के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय जीडीपी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर ला दिया है। पनगढ़िया ने कहा, अगर हम आने वाले वर्षों में इसी दर से बढ़ते रहे तो हम 2026-27 तक ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। लेकिन इसकी अधिक संभावना 2027-28 तक होने की है। भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## चाबहार समझौता भारत के साथ आर्थिक संबंधों में मील का पत्थर: ईरानी दूत

**मुंबई/भाषा।** ईरान के एक राजनयिक ने चाबहार बंदरगाह के परिचालन को लेकर भारत और ईरान के बीच हुए दीर्घकालिक समझौते को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के लिए 'मील का पत्थर' बताते हुए कहा कि यह भविष्य में निवेश के तमाम अवसर मुहैया कराता है। मुंबई में ईरान के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत दावूद रेजाई एस्कंदरी ने पीटीआई-भाषा के साथ साझा किए गए एक बयान में कहा कि इन अवसरों में चाबहार के शाहिद बहिश्ती बंदरगाह के दूसरे चरण के साथ बीओटी मॉडल पर तीसरे एवं चौथे चरण का विकास भी शामिल है।

भारत ने 13 मई को चाबहार के रणनीतिक ईरानी बंदरगाह के परिचालन के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जो उसे पश्चिम एशिया के साथ व्यापार का विस्तार करने में मदद करेगा। एस्कंदरी ने कहा, भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार हैं। भारत हाल के वर्षों में ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि यह सौदा पेट्रोकेमिकल और संबंधित उद्योगों के साथ एलएनजी और एलपीजी निर्यात टर्मिनलों के निर्माण में निवेश के अवसर भी लेकर आता है। इसके अलावा छोटी रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल संयंत्रों के विकास के भी अवसर पैदा होंगे। एस्कंदरी ने बयान में कहा, यह बंदरगाह अफगानिस्तान और चारों तरफ से जमीन से घिरे मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने के लिए भारत के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोकेमिकल, खनन, दवा, कृषि, वाहन उद्योग के साथ बुनियादी ढांचा विकास, सूचना एवं संचार और पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्रों में ईरान में व्यापार के अवसर हैं।

# तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री में बनेगा 'मास्टरप्लान': धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री में 'मास्टरप्लान' बनाया जाएगा।

चार धामों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बृहस्पतिवार को एक बैठक की और उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सुबह उन्होंने एक बार फिर



अधिकारियों के साथ बैठक की और फिर यमुनोत्री यात्रा का जायजा लेने के लिए उत्तरकाशी के बड़कोट पहुंचे।

जायजा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्यादा संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं और पिछले वर्ष के मुकाबले यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई है जिसके कारण कहीं-कहीं श्रद्धालुओं को रोकना भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। धामों की क्षमता से दोगुने लोग आ रहे हैं। निकट भविष्य में हम गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान बनाएंगे जिससे वाहन खड़ा करने सहित सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान हो। धामी ने कहा कि मास्टरप्लान के तहत श्रद्धालुओं को वाहन खड़े करने की सुविधा के साथ-साथ सड़कों के बेहतर नेटवर्क की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, यह गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र के स्थानीय लोगों सहित पूरे उत्तराखंड के लिए जीवनरेखा है। इस दौरान धामी ने बसों तथा अन्य माध्यमों से आ रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की तथा यात्रा व्यवस्थाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने एक बार फिर श्रद्धालुओं से बिना पंजीकरण के चारधाम यात्रा पर न आने की अपील की।



# कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण के खिलाफ वकील खड़े किए : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बिलासपुर/भाषा।** कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने के लिए वकीलों की एक टीम खड़ी की थी कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सके।

बिलासपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, ठाकुर ने 'इंडिया' गठबंधन पर भी हमला किया और आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने अजमल कसाब और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों के मामले लड़ने वाले वकीलों को राज्यसभा में भेजा। उन्होंने कहा, कांग्रेस और विपक्षी दलों का यह कैसा चरित्र है...उन्होंने राम मंदिर निर्माण के खिलाफ वकीलों की एक पूरी फौज खड़ी कर दी और साथ ही उन्होंने आतंकवादियों के मामले लड़ने के लिए भी वकील भेज दिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, ये वही लोग हैं जिन्होंने अफजल गुरु की फांसी रोकने के लिए रात में ढाई बजे अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और चार जून को इस बारे में केवल आधिकारिक घोषणा की जायेगी।

## दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लगी आग

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी। डीएफएस के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा, हमें शाम 6.15 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा है। इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## सरकार ईवी नीति के तहत निवेश के लिए विस्तृत दिशानिर्देश लाएगी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के तहत निवेश की संभावनाएं तलाश रही कंपनियों के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि संबंधित पक्षों के साथ परामर्श का दूसरा दौर जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारी उद्योग मंत्रालय पिछले महीने ही परामर्श का पहला दौर आयोजित कर चुका है। अधिकारी ने बताया कि दिशानिर्देशों में आवेदन, पोर्टल लिंक और परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) के बारे में जानकारी शामिल होगी।

अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में वाहन कंपनियां जरूरी निवेश के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रोत्साहन हासिल करने के लिए ईवी नीति के तहत आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने कहा, वे नई नीति के तहत एक निश्चित संख्या में ईवी के लिए आयात लाइसेंस का आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें निवेश के लिए प्रतिबद्धता जतानी होगी। भारत में पहले से मौजूद कंपनियों को ईवी नीति के तहत आवेदन करने के लिए नई सहायक कंपनी को पंजीकृत करने की जरूरत नहीं है।

# प्रधानमंत्री बताएं कि पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि क्यों खत्म की गईः कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभाओं के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य से जुड़े कई मुद्दों को लेकर उन पर निशाना साधा और सवाल किया कि उनकी सरकार ने पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि को क्यों खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार ने पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि को क्यों ख़त्म कर



दिया है? भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मेंथा किसानों की उपेक्षा क्यों की है? बुढ़वल चीनी मिल को दोबारा खोलने को लेकर बीजेपी ने बार-बार झूठ क्यों बोला? उन्होंने कहा, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि को 2015 में मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया। इसका उद्देश्य भारत के पिछड़े ज़िलों का उत्थान करना था। यह दूरदर्शी योजना 2006 में संप्रग सरकार लाई थी। 2013 तक, उत्तर प्रदेश के पिछड़े ज़िलों को इससे 4000 करोड़ रुपए का लाभ मिल चुका था। 2015 में, मोदी सरकार ने इस योजना के लिए अलग बजटीय आवंटन बंद कर दिया, इसे राज्यों को हस्तांतरित कर दिया। रमेश ने कहा, राजीव गांधी पंचायत सशक्तीकरण अभियान (आरजीपीएसए) के लिए वार्षिक धनराशि भी 1,006 करोड़ रुपए से घटाकर केवल 60 करोड़ रुपए कर दी गई। यह फ़तेहपुर जैसे ज़िलों के लिए एक बड़ा झटका था, जिन्हें इनसे बेहद आवश्यक विकास निधि प्राप्त होती थी। उन्होंने सवाल किया, क्या निवर्तमान प्रधानमंत्री बता सकते हैं कि उनकी सरकार ने पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि को क्यों ख़त्म कर दिया?''

## नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर एक दिन मायने रखता हैः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है। दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द की जा चुकी है। व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि 40 बार सुनवाई के बाद भी आप नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं करें। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि याचिकाकर्ता ने नियमित जमानत याचिका पिछले साल जुलाई में दायर की थी। उसने कहा, नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में हर एक दिन मायने रखता है। नियमित जमानत के मामले को लगभग 11 महीने तक लंबित रखना याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करता है। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करते हैं।

## फरार पुलिसकर्मी के घर से एक करोड़ रुपए नकद और सोना जब्त

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपए नकद और 72 लाख रुपए का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता को आरोपी नहीं बनाने के लिए कथित तौर पर एक करोड़ रुपए की मांग करने के आरोप में खाड़े और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने बाद में अपनी मांग कम करके 30 लाख रुपए कर दी थी। एसीबी ने सबसे पहले आरोपी कुशक जैन (29) को पांच लाख रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि वारंट मिलने के बाद पुलिस ने बीड के चाणक्यपुरी इलाके में बृहस्पतिवार को खाड़े के घर की तलाशी ली और 1.08 करोड़ रुपए नकद, 970 ग्राम सोने के बिस्कुट और 72 लाख रुपए के आभूषण तथा 5.5 किलोग्राम चांदी जब्त की।



# देश में चल रही 'तानाशाही' अस्वीकार्य है : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रहार करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि देश में कथित तौर पर चल रही 'तानाशाही' अस्वीकार्य है और देश ने पिछले 75 वर्षों में कभी ऐसा दौर नहीं देखा।

केजरीवाल अमृतसर में आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के कार्यकर्ताओं और विधायकों सहित नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उनसे पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर 'आप' की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने को कहा। उन्होंने भाजपा पर सभी प्रतिद्वंद्वी पार्टी नेताओं को जेल में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमारे देश में जो तानाशाही चल रही है, वह स्वीकार्य नहीं है। भारत ने पिछले 75 सालों में ऐसा दौर कभी नहीं देखा जब विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया हो। उन्होंने भारत के हालात की तुलना रूस से करने की कोशिश भी की। केजरीवाल ने कहा, रूस में व्लादिमीर पुतिन ने या तो सभी प्रतिद्वंद्वी नेताओं को जेल भेज दिया या उन्हें मरवा दिया और फिर चुनाव कराया तथा उन्हें 87 फीसदी वोट मिले। जब कोई विपक्ष नहीं होगा तो वोट आपको ही मिलेंगे। आप संयोजक ने कहा, उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया (दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री) को जेल में डाल दिया गया, कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से लेनदेन पर रोक लगा दी गई, तृणमूल कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, स्टालिन (तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन) के मंत्रियों को जेल में डाल दिया गया है।

## भारत और केन्या ने शासन, कार्मिक प्रशासन में सहयोग बढ़ाने के लिए बैठक की

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और केन्या के वरिष्ठ अधिकारियों ने शासन और कार्मिक प्रशासन में सहयोग बढ़ाने के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। कार्मिक मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, यह बैठक केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास और केन्या स्कूल ऑफ गवर्नेंस (केएसजी) के महानिदेशक प्रोफेसर नूर मोहम्मद के बीच 14 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई।

बैठक में दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर जोर देने के साथ कार्मिक प्रशासन और शासन के क्षेत्र में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) तथा केएसजी के माध्यम से भारत-केन्या द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बयान में कहा गया कि बैठक में भारत की ओर से डीएआरपीजी, एनसीजीजी, केन्या में भारतीय उच्चायोग के वरिष्ठ अधिकारियों और केन्या की ओर से केएसजी के निदेशकों ने भाग लिया।

# दिल्ली कार शोरूम गोलीबारीः पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया हमलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम दिल्ली में एक कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल एक शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें जानकारी मिली कि पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्पशूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। एक टीम बनाई गई और जाल बिछाया गया।

अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 11.30 बजे टीम ने अजय को होंडा सिटी कार में रोका। अधिकारी ने कहा, उसे रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। उन्होंने बताया कि जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे



हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदातों में था शामिल

अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। पुलिस के मुताबिक वह दस मार्च को सोनीपत के मुरथल में एक व्यापारी की हत्या में भी शामिल था। अधिकारी ने कहा, उसने मुरथल में एक व्यापारी को उसकी कार से खींच लिया था, उसका पीछा किया था और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार अजय ने छह मई को 27 साल के मोहित रिधाऊ के साथ मिलकर तिलक नगर इलाके में पुरानी लक्जरी कार के एक शोरूम पर गोलीबारी की थी। गोलियां कांच के दरवाजों और खिड़कियों पर लगी थीं जिसमें सात लोग घायल हो गए थे। गोलीबारी की घटना के बाद हमलावरों ने मौके पर हाथ से लिखा एक नोट छोड़ा था, जिसमें तीन बदमाशों -भाऊ, नीरज फरीदकोट और नवीन बाली के नाम लिखे थे। पुलिस ने बताया था कि शोरूम के मालिक को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आयी थी और फोन करने वाले ने उनसे रंगदारी के रूप में पांच करोड़ रुपए की मांग की थी। पुलिस के अनुसार बाद में रिधाऊ को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया था। बृहस्पतिवार को विशेष प्रकोष्ठ ने नवीन बाली और हिमाशु भाऊ के सक्रिय सदस्य 27 वर्षीय अभिषेक को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि वह छह मई को हुई गोलीबारी की घटना में भी कथित तौर पर शामिल था। पुलिस ने बताया कि अभिषेक पहले दिल्ली और हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम के चार मामलों में शामिल था। पुलिस के अनुसार, जब अभिषेक आया और उसने पुलिस पार्टी को देखा, तो उसने अपनी पिस्तौल निकाल ली और टीम पर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया और उससे हथियार छीन लिया। अभिषेक अपने पिता की मौत के बाद कुछ अपराधियों के संपर्क में आया और छह मई की गोलीबारी की घटना के बाद उसने आरोपियों को शरण दी थी।

# प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है : जी. परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। हमने प्रक्रिया को न तो धीमा किया है और न ही रोका है।**



बेंगलूरु। कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे हासन के मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) प्रभावी तरीके से काम कर रही है। जनता दल सेक्युलर के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं।

इस घटना को लेकर कर्नाटक में सियासी पारा चढ़ा हुआ है और राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं जद(एस) गठबंधन के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। खबरों के मुताबिक प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे और अब भी विदेश में हैं। वह हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) के साझा उम्मीदवार है जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल द्वारा 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने के सवाल पर परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। हमने प्रक्रिया को न तो धीमा किया है और न ही रोका है।'' भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार प्रज्ज्वल के 'देश से जाने' के लिए जिम्मेदार है। इस बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, वे ऐसा कहेंगे, उन्हें ऐसा ही कहना है। वे यह नहीं कह सकते कि सरकार अच्छा काम कर रही है लेकिन हमारी सरकार के तौर पर जिम्मेदारी है। ऐसी चीजों को हल्के में नहीं लिया जाएगा। हम अपना काम कर रहे हैं।

जद(एस) नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.कुमारस्वामी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार प्रज्ज्वल से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल वीडियो' मामले के पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने के बजाय देवेगौड़ा के परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जांच से जुड़ी प्रत्येक जानकारी मांड्या जिले के एक कांग्रेस विधायक को भेजी जा रही है न कि राज्य के गृहमंत्री को। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने कहा, ''कुमारस्वामी भी अच्छी तरह से जानते हैं, कई चीजें हम सार्वजनिक नहीं कर सकते हैं, क्योंकि जांच जारी है। मांड्या विधायक को कौन जानकारी देगा? ऐसे आरोप लगाना आसान है। हम सभी की जिम्मेदारी है और हम इस जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं और किसी दबाव में नहीं।'' उन्होंने कहा, ''मैं उन्हें (कुमारस्वामी को) बताना चाहता हूं कि एसआईटी प्रभावी तरीके से काम कर रही है और उसे मुझे या मुख्यमंत्री को जो भी जानकारी देनी है, वे देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।''

## मांग



पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) द्वारा 11वें पंचेन लामा के अपहरण की घटना के 29 साल पूरे होने पर तिब्बती समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को मैसूरु में एक मार्च निकाला और चीन से उन्हें रिहा करने की मांग की।

# अदालत ने जद (एस) विधायक रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 तक बढ़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बेंगलूरु की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को शुक्रवार तक के लिए अंतरिम राहत दी थी। रेवन्ना और उनके बेटे एवं सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ 28 अप्रैल को हासन जिले के होलेनरसीपुर टाउन पुलिस थाने में 47 वर्षीय घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था।

ऐसा बताया जाता है कि प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी रवाना हो गये थे और वह अभी भी इस मामले में पेश नहीं हुए हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि 66 वर्षीय विधायक के घर पर पिता-पुत्र ने उसका कथित तौर पर यौन शोषण किया था। प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों और संबंधित मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व मंत्री को हिरासत में दिये जाने का अनुरोध किया था। रेवन्ना के अधिवक्ताओं ने मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध किया है। एसआईटी ने जद (एस) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और प्रज्ज्वल को जांच में शामिल होने के लिए दो नोटिस भेजे थे, लेकिन दोनों इसमें शामिल नहीं हुए।

बृहस्पतिवार को रेवन्ना ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था और एसआईटी ने इस पर आपत्ति जताई थी और उनकी हिरासत या उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध किया था। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शुक्रवार को मामले की दोबारा सुनवाई करने का फैसला किया और तब तक रेवन्ना को राहत दे दी। अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई फिर से शुरू की और दोनों पक्षों को सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सोमवार के लिए सुरक्षित रख लिया और तब तक के लिए अंतरिम राहत बढ़ा दी।

# हुब्बल्ली महिला हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। हुब्बल्ली में एक युवती की ओर से कथित तौर पर विवाह प्रस्ताव अस्वीकार किए जाने के बाद उसकी हत्या करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी गिरीश सावंत ने बुधवार को यहां वीरपुर ओनी स्थित अंजलि अंबिगर (20) के घर में घुसकर उस पर चाकू से कई बार वार किया और फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी को बृहस्पतिवार रात को पकड़ लिया गया।''

युवती की हत्या के मामले में लापरवाही के आरोप में एक पुलिस निरीक्षक और एक महिला हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। मृतका के परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी कि आरोपी ने युवती को 23 वर्षीय कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमठ जैसी ही वारदात होने की धमकी दी थी। नेहा की 18 अप्रैल को हुब्बल्ली में उसके कॉलेज परिसर में उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया।

# युवतियों पर बार-बार हो रहे हमलों के कारणों की जांच करेगी कर्नाटक सरकार : गृह मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के हुब्बल्ली में एक युवती की हत्या के बाद राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के बाद राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि वह पुलिस की लापरवाही और अन्य कारकों की समीक्षा कर रहे हैं जिनके कारण हो सकता है कि ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हों। हुब्बल्ली में बुधवार को अंजलि अम्बिगेर (20) द्वारा विवाह का प्रस्ताव ठुकराये जाने पर 22 वर्षीय युवक गिरीश सावंत ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। यह घटना 18 अप्रैल को हुब्बल्ली में ही छात्रा नेहा हिरेमठ की उसके कॉलेज परिसर में हत्या किए जाने की घटना के बाद सामने आई है।

कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, मैं यह पता लगाने के लिए समीक्षा कर रहा हूं कि क्या अधिकारियों की ओर से कोई लापरवाही हुई है या कोई अन्य कारण हैं। चूंकि ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं इसलिए हमें यह पता लगाने की जरूरत है कि इसके पीछे क्या कारण है। मंत्री ने कहा कि वह घटना की जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) को हुब्बल्ली भेज रहे हैं और यदि संभव हुआ तो वह भी वहां का दौरा करेंगे। भाजपा ने अंजलि की हत्या को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार पर कड़ा प्रहार किया और उस पर कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में विफल रहने तथा प्रशासन पर अपनी पकड़ खोने का आरोप लगाया।

राज्य के विपक्षी दल भाजपा ने यहां तक मांग की कि परमेश्वर को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया मंत्रिमंडल से हटा दें। भाजपा ने आरोप लगाया कि परमेश्वर राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभालने में बुरी तरह विफल रहे हैं। इस बीच पुलिस ने आरोपी गिरीश सावंत को गिरफ्तार कर लिया है और परमेश्वर ने कहा है कि उस पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, ऐसी हत्याओं के मामलों में कोई दया नहीं है। पुलिस की ओर से लापरवाही की खबर मिलने के बाद एक इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पुलिस से सम्पर्क किया था और शिकायत की थी कि आरोपियों ने अंजलि को धमकी दी थी कि उसका भी वही हश्र होगा जो 23 वर्षीय नेहा हिरेमठ का हुआ था। नेहा हिरेमठ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

परमेश्वर ने बताया कि उनकी जानकारी के अनुसार कोई लिखित शिकायत नहीं है लेकिन परिवार ने पुलिस को धमकी के बारे में कथित तौर पर सूचित किया था। उन्होंने कहा, यही कारण है कि हमने इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है और इस मामले की एक जांच की जाएगी और यदि पुलिस की ओर से कोई लापरवाही की गई है तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अम्बेडकर का अपमान कर रही है भाजपा : केएच मुनियप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/अयोध्या। पूर्व केन्द्रीय रेल एवं सड़क परिवहन मंत्री एवं कर्नाटक सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री के.एच. मुनियप्पा ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान संशोधन की बात करके बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का अपमान कर रहे हैं। मुनियप्पा ने शुक्रवार को यहां मुख्यालय से करीब साठ किलोमीटर दूर रुदौली विधानसभा क्षेत्र के उमापुर बाजार मवई में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं विधायक अवधेश प्रसाद के समर्थन में आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान संशोधन की बात करके बाबा डा. भीमराव अम्बेडकर का अपमान लगातार करते जा रहे हैं, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन की बात करने वालों को देश की जनता के सहयोग से मुंहतोड़ जवाब देगी। महंगाई से गरीब लोग बेहाल हैं, किसानों को उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा, भाजपा के नेता इन मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिये कभी भगवान राम, कभी पाकिस्तान, कभी मुसलमान कहकर लोगों को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं। किन्तु, देश की जनता इन्हें समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को राहुल गांधी की गारंटी पर भरोसा है, जिसमें गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपये, बेरोजगारों को नौकरी, किसानों की कर्ज माफी सहित पच्चीस गारंटी दी है। इस गारंटी से पूरे देश में महागठबंधन की लहर चल रही है, जिसमें अयोध्या लोकसभा का एक महत्वपूर्ण स्थान है।

कर्नाटक सरकार के मंत्री मुनियप्पा रायबरेली और अमेठी में प्रचार करते हुए अयोध्या के रुदौली विधानसभा में एक सभा को सम्बोधित किया। श्री मुनिरप्पा सात बार लोकसभा पहुंचकर केन्द्र सरकार में मंत्री भी रहे और अब विधानसभा का चुनाव लड़कर कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं।

# ट्रेन के अंदर रेलवे कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी यात्री की तलाश तेज

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में बिना टिकट ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री को टिकट दिखाने के लिए कहे जाने पर कोच एटेंडेंट की चाकू मार की हत्या करने और टिकट निरक्षक(टीटीई) समेत तीन लोगों को घायल करने के आरोपी की तलाश में अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना बृहस्पतिवार शाम को बेलगावी जिले में लोंदा रेलवे स्टेशन के पास चालुक्य एक्सप्रेस ट्रेन में हुई।

बेलगावी पुलिस आयुक्त ईडा मार्टिन मारबनियांग ने बताया कि यात्री को जब अपना टिकट दिखाने के लिए कहा गया तब उसने टीटीई से बहस की। इसके बाद आरोपी ने चाकू निकाला और टीटीई पर हमला कर दिया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु के पास हीलालिगे में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में 'बीटेक' प्रथम वर्ष की एक छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक छात्रा की पहचान हर्षिता (18) के रूप में की गयी है। हासन जिले के अरसीकेरे की रहने वाली हर्षिता यहां सूर्या सिटी में सिटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पहले वर्ष की पढ़ाई पढ़ रही थी। वह यहां होस्टल में रहती थी। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम को हर्षिता अपने कमरे में लटकी हुई पाई गई थी और उसका कमरा कथित तौर पर अंदर से बंद था।

कुछ विद्यार्थियों ने खिड़की से हर्षिता का लटकता हुआ शव देखा तो कॉलेज प्रबंधन को इस बारे में सूचित किया। उन्होंने दरवाजा तोड़ा और हर्षिता को अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'आत्महत्या के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लेकिन, हम उस सटीक कारण की जांच कर रहे हैं जिसकी वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ा।'

# बेंगलूरु जा रही एयर इंडिया की उड़ान वापस दिल्ली पहुंची

## सुरक्षित हवाई अड्डे पर उतरा विमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/बेंगलूरु। बेंगलूरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को वातानुकूलन इकाई में आग लगने के संदेह के बाद शुक्रवार शाम को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान (उड़ान संख्या एआई 807)को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर सुरक्षित रूप से उतर गया है और उसमें 175 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि विमान की वातानुकूलन इकाई में संदिग्ध आग लग गई थी और आपात स्थिति घोषित की गई थी। विमान ने शाम छह बजकर करीब 40 मिनट पर एहतियातन सुरक्षित लैंडिंग की। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों के लिए बेंगलूरु जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# केरल में बारिश जारी, आईएमडी ने दो जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को प्रदेश के दो जिलों में शुक्रवार के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने मलप्पुरम और वायनाड जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। मौसम विभाग ने इसके अतिरिक्त आज के लिए राज्य के आठ अन्य जिलों में यलो अलर्ट' भी जारी किया। आईएमडी ने बृहस्पतिवार को राज्य में 18 से 20 मई के बीच बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया था।

उसने पलक्कड और मलप्पुरम के लिए 18 मई का, पत्तनमथिट्टा, अलप्पुझा और इडुक्की के लिए 19 मई का और राज्य के सात अन्य जिलों के लिए 20 मई का ऑरेंज अलर्ट' जारी किया था। मौसम विभाग ने आज 21 मई के लिए भी राज्य के सात जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। उसने कहा कि राज्य में 20 और 21 मई के लिए सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, लेकिन इनमें से कुछ में इतनी बारिश हो सकती है जो 'रेड अलर्ट' में होती है।

'रेड अलर्ट' भारी से अत्यधिक भारी बारिश (24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक) का संकेत देता है, जबकि 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (6 से 20 सेंटीमीटर) के लिए जारी किया जाता है। यलो अलर्ट' 6 से 11 सेंटीमीटर बारिश के पूर्वानुमान पर जारी किया जाता है।

## तैयारी



बारिश से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए बीबीएमपी ने शुक्रवार को बेंगलूरु के ओकालीपुरम में राजा कालुवे नाले की सफाई का काम शुरू किया है।

# अज्ञात लोगों नेपाली युवक की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नेपाल से बेंगलूरु आ रहे एक नेपाली युवक की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार जीआर ट्रेवल्स से यहां पहुंचे दिनेश थापा जब महादेव पुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बी नारायणपुरा में बस से उतर रहे थे कि चार अन्य लोगों ने उसे उतारा और उसके हाथ पैर बांध दिए और एक रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी और चारों फरार हो गए। बस के ड्राइवर गुरुदेव सिंह और त्रिलोक ठाकुर से पुलिस पूछताछ कर रही है। गुरुदेव सिंह ने ही पुलिस को मामले की जानकारी शिकायत के रूप में दी थी।



॥ अर्हं णमो सिद्धा ॥

**30वां पुण्यउत्सव**
**रविवार, दि. 19.5.2024**

卐 महाप्रयाण 卐
वैशाख शुक्ला 10, वि.स. 2051, दि. 20-5-1994, शूले स्थानक, बेंगलोर

स्थानकवासी जैन समाज के देदीप्यमान नक्षत्र, कवि कुल भूषण, वाणी के जादूगर, कोशीथल के कोठारी नंदन, ७०वर्ष के संयमी पर्याय महापुरुष, बाल ब्रह्मचारी, जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा. के शिष्य

**पू. उपाध्याय प्रवर श्री केवलमुनिजी म.सा.**
की 30वां पुण्यउत्सव, रविवार, शुभ दि. 19 मई 2024
को प्रात: 8.00 बजे से 10.00 बजे तक,
कर्नाटक गजकेसरी, घोर तपस्वी पू. श्री गणेशीलालजी म.सा. की सुशिष्याएं प्रवचन प्रभाविका श्री सुशीलाकंवरजी म.सा., मधुर व्याखायनी श्री चैतन्यश्रीजी म.सा.आदि ठाणा का पावन सान्निध्य
स्थान : केवल आराधना स्थल, श्री दोड्डनिकुंदी गौशाला, बेंगलोर

आप सभी श्रावक श्राविकाओं से विनम्र निवेदन हैं कि आप सभी सपरिवार इष्ट मित्र बंधु बांधव के साथ पधारकर समारोह की शोभा बढ़ावें।

**कार्यक्रम के पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था हैं।**

-: पुण्योत्सव कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार :-
श्री सिरेमलजी-पानीबाई, श्री मोहनलालजी, श्री तरुणकुमारजी मुथा की स्मृति में
श्रीमती मैनाबाई, कल्पना-महावीरचंद, उषा-राजेशकुमार, शंखेश-जागृति, ध्वनि
प्रकाशचंद, नथमल, महावीरचंद, राजेशकुमार, विजयकुमार, महेन्द्रकुमार, सुनीलकुमार, सुरेशकुमार, शंखेश एवं समस्त मुथा परिजन, बेंगलोर (मरुधर में बगड़ीनगर)
**Mohanlal Mahaveerchand Rajeshkumar Mutha**
"Aashirwad" # 51, Bassappa Road, Shantinagar, Bengaluru - 560 027.

निवेदक : **गुरु केवल भक्त परिवार**
बसों की व्यवस्था कल 19 मई को की गई हैं सामायिक का लक्ष्य रखें




# अतिक्रमण हटाने गई टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के जालोर जिले के ओडवाड़ा गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस की एक टीम को महिलाओं सहित कई ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात कर ग्रामीणों को मौके से हटा दिया और अवैध निर्माण ढहाने का काम शुरू किया गया। कई महिलाएं रोते हुए पुलिस से उनके घर न तोड़ने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। जालोर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ज्ञान चंद्र यादव ने कहा कि जमीन से मकानों सहित अतिक्रमण हटाने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा जब अतिक्रमण हटाने के लिए टीम वहां गई तो ग्रामीणों ने विरोध किया। उन्होंने टीम को गांव में नहीं घुसने दिया। उन्होंने सड़क जाम कर दी। हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। इसके बाद जेसीबी मशीनों की मद्द से अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू हुआ। इस बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस कार्रवाई को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कार्रवाई का एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, जालोर के ओडवाडा में उजड़ते आशियाने, बिलखते परिवार, महिलाओं से बर्बरता और पुलिस का क्रूर चेहरा। भाजपा के नये राजस्थान में आपका स्वागत है। शर्मनाक। जालोर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर 440 मकान तोड़े जा रहे हैं, जबकि ये परिवार कई साल से वहां रह रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव ने 'एक्स' पर लिखा,प्रशासन इसके लिए उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दे रहा है जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रभावी पैरवी से इन घरों को बचाया गया था। मेरा मानना है कि प्रभावी पैरवी के अभाव में उच्च न्यायालय का फ़ैसला ग्रामीणों के खिलाफ रहा होगा। आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रशासन का असंवेदनशील रवैया भी सामने आया।

उन्होंने लिखा,जालोर जिला कलेक्टर से वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद ओडवाडा में उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही कार्रवाई के संबंध में मैंने वकील से राय ली है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्च न्यायालय में 20 मई को अगली सुनवाई होनी है जिससे पहले प्रशासन को कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने की जानकारी उच्च न्यायालय को देनी होगी।

वैभव ने कहा,इसके संबंध में मैंने उच्चतम के वकील से चर्चा की है एवं पीड़ित परिवारों की ओर से आज ही उच्चतम न्यायालय में इस कार्रवाई के विरुद्ध सुनवाई के लिए प्रार्थना पत्र देना तय किया गया है। हमें आशा है कि उच्चतम से पीड़ित परिवारों के घर तोड़ने पर जल्द से जल्द स्थगन मिलेगा और इन्हें राहत मिल सकेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने 'एक्स' पर लिखा जालोर जिले के ओडवाड़ा गांव में घरों को तोड़ने के आदेश के विरुद्ध संघर्ष कर रहे लोगों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया गया, जिसकी वह घोर निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि ये लोग अपना घर बचाने के लिए आवाज उठा रहे हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। पायलट ने कहा सरकार को इनके अधिकारों के लिये न्यायपालिका के माध्यम से तुरंत राहत प्रदान करने के लिये कार्यवाही करनी चाहिये थी। पुलिस एवं प्रशासन से आग्रह है कि इस मुद्दे को शांति एवं बातचीत द्वारा सुलझाया जाना चाहिए।

### राजस्थान उच्च न्यायालय ने ओडवाड़ा अतिक्रमण कार्रवाई पर लगाई रोक

जोधपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने जालोर के ओडवाड़ा गांव में चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगा दी हैं। न्यायमूर्ति विनीत माथुर की एकलपीठ ने दो दर्जन से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह फैसला दिया।

याचिकाओं में कहा गया कि उनके पास पट्टे है और वे पिछले 80 सालों से इन मकानों में रह रहे हैं। इस जगह के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने भी विकास का काम किया है और बिजली एवं पानी के कनेक्शन भी हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें अतिक्रमी नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक लगा दी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के निर्णय 16 मार्च 2021 एवं अवमानना याचिका वर्ष 2022 पर पारित आदेश गत वर्ष 21 मार्च एवं अवमानना याचिका 2023 में पारित आदेश गत सात मई की पालना में ग्राम ओडवाड़ा की ओरण भूमि से गुरुवार को अतिक्रमण हटाये गये।

# ओडवाड़ा में उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में प्रशासन कर रहा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही : कलक्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालोर। राजस्थान के जालौर जिले में आहोर क्षेत्र के ओडवाड़ा में उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रहा है। जिला कलक्टर पूजा पार्थ के अनुसार उच्च न्यायालय के निर्णय 16 मार्च 2021 एवं अवमानना याचिका वर्ष 2022 पर पारित आदेश गत वर्ष 21 मार्च एवं अवमानना याचिका 2023 में पारित सात मई की पालना में ग्राम ओडवाड़ा की ओरण भूमि से गुरूवार को अतिक्रमण हटाये गये हैं।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही विधिपूर्ण एवं शांतिपूर्वक की गई है। रहवासीय आवास किसी भी प्रकार के अभी तक नहीं हटाये गये है तथा कोई भी परिवार बेघर नही हुआ है। अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही के दौरान महिलाओं एवं बच्चों पर कोई बल प्रयोग नही किया गया है तथा न ही किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार पुलिस बलों द्वारा किया गया है। सभी अतिक्रमण समझाईश कर हटाये गये हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा पूरी संवेदनशीलता रखते हुए उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में गुरूवार को बाड़ एवं बाउण्ड्री वॉल हटाने की कार्यवाही की गई हैं जिसमें कोई भी आवासीय मकान शामिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का वहां के लोगों के द्वारा विरोध किया गया। उधर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे गरीब परिवारों से जुड़ा मामला बताते हुए कहा है कि ओडवाड़ा में अतिक्रमण हटाने के नाम पर 400 से अधिक घरों को तोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा बल प्रयोग करना उचित नहीं है।

गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रशासन को इन परिवारों को उचित समय देना चाहिए था जिससे वो उसका कानूनी समाधान निकाल पाते। इस विषय को राज्य सरकार एवं प्रशासन मानवीय आधार पर देखे। गहलोत ने कहा इस संबंध में मेरी जालोर कलेक्टर से भी बात हुई है। हम इन पीड़ित परिवारों की कानूनी सहायता कर इनको न्याय सुनिश्चित करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी ऐसे कई मामले हुए हैं जिनमें उच्च या उच्चतम न्यायालयों का फैसला पीड़ित परिवारों के पक्ष में आया था। सीकर के पटवारी का बास गांव में ऐसा प्रकरण हुआ था जिसमें उच्च न्यायालय के एक आदेश में घर तोड़ने का फैसला हुआ परन्तु दूसरे आदेश में इसे गलत माना और पीड़ित परिवारों को हमारी सरकार के समय पट्टे दिए गए। प्रशासन को सभी कानूनी रास्ते पूरे होने का इंतजार करना चाहिए एवं इसके बाद कोई कार्रवाई करनी चाहिए।



# रोडवेज बस ट्रक में घुसी, पांच महिलाओं की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर हलैना के पास शुक्रवार को अलीगढ़ से जयपुर जा रही रोडवेज की बस के आगे चल रहे लकड़ियों से भरे ट्रक में घुस जाने से पांच महिलाओं की मौत हो गयी जबकि 12 यात्री घायल हो गये। दुर्घटना में घायलों में से आठ घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है जबकि पांच घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाये गये हैं।

भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है।

सड़क हादसे में घायलों के नाम निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) बताये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस ड्राइवर ने ओवरटेक किया था। ब्रेक नहीं लगा तो उसने चलते ट्रक में बस घुसा दी। इसके बाद ट्रक काफी दूर बस को घसीटते ले गया। बस की स्पीड करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा बतायी गयी है। मृतक महिलाओं की शिनाख्त की जा रही है।



# राज्यपाल ने गोविंद देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के 551वें प्राकट्योत्सव में भाग लिया और गोविंद देव जी की विधिवत पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की। राज्यपाल मिश्र ने मंदिर प्रांगण में गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु प्राकट्योत्सव में राधावल्लभ अनन्य भक्त चरितावली भक्तमाल वाणी पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके पश्चात महाप्रभु के जीवन चरित्र पर मंचित लीला के भी वह साक्षी बने। उन्होंने बाद में मंदिर प्रांगण में छोटी सरकार, वृंदावन के प्रधान पीठाधीश्वर हित प्रेम कुमार गोस्वामी के प्रवचन भी सुने। उन्होंने वहां उपस्थित सभी भक्तजनों को इस आयोजन की शुभकामनायें दी।

# झालावाड़ में भजन पर झूमते हुए आया हार्ट अटैक और हो गई मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झालावाड़। राजस्थान के झालावाड़ जिले के मालनवासा गांव में सामने आया है जहां पंचायत राज विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत एक शख्स की भजन संध्या के दौरान नाचते हुए हार्ट अटैक आ जाने से मौत हो गई। अचानक हुए घटनाक्रम से हर कोई हैरान है। मृतक जोधराज नागर इससे पहले भजनों पर झूम रहे थे तभी अचानक नाचते हुए जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले की कोई माजरा समझ पाता, तब तक काफी देर हो चुकी थी और उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।ष जोधराज नागर कोटा जिले के मोई कला में पंचायत राज विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत थे।

मृतक के परिजन महावीर नामदेव ने बताया कि जोधराज के पैतृक गांव मालनवासा में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान ग्रामीण स्टेज पर चढ़ भजनों पर झूम रहे थे। ऐसे में जोधराज भी अपने आप को रोक न पाया और भजनों पर थिरकने लगा. इस बीच वह नाचते-नाचते जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है।

नौजवान बेटे की अचानक मौत से वृद्ध माता-पिता भी सदमे में हैं। उनके एक पुत्र व पुत्री है जो वर्तमान में कोटा में कंपटीशन की तैयारी कर रहे हैं। उनका एक भाई कांस्टेबल पद पर तैनात है जबकि दो भाई पैतृक गांव में खेती का काम करते हैं।

## श्रद्धांजलि



राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल एवं राजस्थान की पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. डॉ. कमला बेनीवाल की स्मृति में गाँधी नगर क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



# पेयजल से संबंधित सभी परियोजनाओं में आचार संहिता के चलते देरी नहीं हों : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शासन सचिवालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अंतर्विभागीय प्रकरण, ईसरदा दौसा जल आपूर्ति प्रोजेक्ट तथा जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि विभाग की पेयजल से संबंधित जितनी भी परियोजनाएं तैयार है उन्हें बिना किसी विलंब के जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने ये भी बताया कि आमजन के लिए पेयजल एक अति-संवेदनशील मामला है अतः पेयजल से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को लागू करने में आचार संहिता हटने का इंतजार ना करें। चुनाव आयोग से अनुमति लेकर आचार संहिता के दौरान भी आवश्यक राजकीय कार्य जारी रखें।

पंत ने निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित सभी प्रोजेक्ट की उचित तरीके से मॉनिटरिंग हो साथ ही प्रत्येक स्तर पर कार्य पूर्ण करने की तय समय सीमा निर्धारित हो। प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के लिए ई-फाइलिंग सिस्टम को अधिक से अधिक अमल में लाया जाए और सभी राजकीय अधिकारियों में इस बारे में जागरूक हों साथ ही मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजकीय कार्य ई-फाईल के माध्यम से हो साथ ही औसत निस्तारण समय अधिक होने पर विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही की जाए।

# निजी स्कूल व्यापार हो चुके हैं इनके खातों की जांच होनी चाहिए : राजस्थान हाईकोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। राजस्थान हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों में फीस एक्ट 2016 की पालना नहीं होने के मामले में सुनवाई के दौरान निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की हैं। जस्टिस समीर जैन की बैंच ने कहा कि आज स्कूल व्यापार हो चुके हैं और जब इन स्कूलों को टैक्स में छूट मिलती है तो इनके खातों की जांच भी करवाई जानी चाहिए। इसके लिए जरूरी हो तो सरकार को आयकर विभाग की सहायता भी लेने से गुरेज नहीं करना चाहिए। इस दौरान प्रमुख सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल भी वीसी के जरिए उपस्थित थे।

अदालत ने जितेंद्र जैन व अन्य की याचिकाओं पर पिछली तारीख पर प्रमुख सचिव को हाजिर होने को कहा था। याचिका में विद्याश्रम सहित अन्य निजी स्कूलों ने राजस्थान फीस अधिनियम, 2016 और नियम 2017 के प्रावधानों के विपरीत जाकर फीस में की गई बढ़ोतरी को निरस्त करने और कानून के अनुसार ही फीस लेने के निर्देश देने की गुहार की है। कोर्ट ने पिछली तारीख पर सरकार को जयपुर सहित अन्य शहरों के टॉप स्कूलों की ऑडिट करके रिपोर्ट पेश करने का कहा था। गुरुवार को सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट में जयपुर के बडे निजी स्कूलों की ऑडिट करवाना बताते हुए कहा कि फीस एक्ट की पालना हो रही है और सभी स्कूलों में पेरेंटटीचर संघ बने हुए हैं। ट्रांसपोर्ट,स्कूल यूनिफार्म और किताबों की खरीद में कोई जबर्दस्ती नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट दिलीप सिनसिनवार ने विरोध किया और बताया कि विद्याश्रम स्कूल के संबंध में सरकार का ही जवाब में बताया हुआ है कि वहां पेरेंटटीचर संघ नहीं बना है और सरकार की रिपोर्ट पूरी तरह से गलत है।

# राजस्थान में भीषण गर्मी, गंगानगर में तापमान 47 डिग्री के करीब

जयपुर राजस्थान में गर्मी का कहर लगातार जारी है। भारतीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, गर्मी की वजह से राजस्थान के लोगों का बुरा हाल। यहां श्रीगंगानगर जिले का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है।

इस तरह राजस्थान का सबसे गर्म जिला रहा। इसके साथ ही मौसम विभाग ने एक खुशखबरी भी दी है। विभाग ने प्रदेश में मानसूनी बारिश को लेकर अपडेट दिया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के कई जिलों का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना हुआ है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में राजस्थान के तापमान में वृद्धि की आशंका जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही गर्मी का कहर बढ़ता जाएगा। हालांकि, इस दौरान मौसम विभाग ने एक राहतभरी खबर भी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान में 14 जून से प्री-मानसून बारिश देखने को मिलेगी। इसके बाद जून के तीसरे हफ्ते यानी कि 20 जून से प्रदेश में मानसून दस्तक दे सकता है। इसके बाद भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिलने के आसार हैं।

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

इसके अलावा भी प्रदेश में कई जगहों पर सामान्य से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। श्रीगंगानगर के बाद बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही जैसलमेर चुरू, पिलानी और जालौर जिले का तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। इसके अलावा संगरिया, धौलपुर, फतेहपुर, करौली में पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

# जनघोष बन गया अबकी बार 400 पार का नारा : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बाराबंकी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव के सात चरणों में से अभी चार चरण ही संपन्न हुए हैं लेकिन जनता चार जून को आने वाले परिणामों को लेकर आश्वस्त है कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा में कहा, यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। उन्होंने कहा, यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी एवं तुष्टिकरण तथा अराजक नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है।



## योगी ने राजरानी रावत और कौशल किशोर के पक्ष में मतदान करने की अपील की

योगी के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में लेगों से मतदान करने की अपील की। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सीबीआई ने 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा मामले में दो तृणमूल नेताओं के आवास पर मारे छापे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पूर्व मेदिनीपुर जिले के काथी में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार तड़के काथी ब्लॉक नंबर तीन में तृणमूल कांग्रेस नेता देबब्रत पांडा और एक अन्य ब्लॉक के अध्यक्ष नंददुलाल मैती के घरों पर छापा मारा। सीबीआई के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जन्मेजय दोलुई की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांडा, नंददुलाल के बेटे और 52 अन्य को आरोपित किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता दोलुई की 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में हत्या कर दी गई थी।

सीबीआई के अधिकारी ने कहा कि 30 लोगों को हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन उनमें से कोई नहीं आया। उन्होंने कहा, हम इन लोगों से जुड़े स्थानों पर छापे मार रहे हैं। उनसे पूछताछ की जरूरत है।



## मालीवाल प्रकरण पर बोलने के बजाय आरोपी के साथ 'बेशर्मी' से घूम रहे हैं केजरीवाल : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना की और कहा कि वह इसके बजाय आरोपी बिभव कुमार के साथ 'बेशर्मी' से घूम रहे हैं। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने मांग की कि 'आप' संयोजक इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें और माफी मांगें।

भाजपा की वरिष्ठ नेता ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार सोमनाथ भारती समेत 'आप' के कई नेताओं के खिलाफ महिलाओं पर हमले के पूर्व के आरोपों का जिक्र करते हुए दावा किया कि दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी एक महिला विरोधी पार्टी है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि गांधी परिवार के सदस्य भारती को वोट देंगे, जिन पर अपनी गर्भवती पत्नी पर हमला करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि 'आप' सांसद संजय सिंह श्ररा मालीवाल मामले में कार्रवाई का वादा करने के एक दिन बाद आरोपी बिभव कुमार को केजरीवाल के साथ लखनऊ में देखा गया। उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय और अस्वीकार्य है कि केजरीवाल ने अपनी पार्टी की महिला सांसद पर हमले पर एक शब्द भी नहीं बोला है। मालीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने उनके साथ मारपीट की।

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की और कुमार को मामले में आरोपी के रूप में नामजद किया।

## त्रिपुरा ने सीएए के तहत नागरिकता देने के लिए राज्य स्तरीय समिति बनाई

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) 2019 के तहत नागरिकता प्रदान करने के लिए जनगणना संचालन निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होने के कारण 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था। जनगणना संचालन निदेशक रवीन्द्र रियांग ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद सीएए के तहत भारत की नागरिकता देने के लिए राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलाधिकारियों को सीएए के तहत आवेदन प्राप्त करने और उन्हें राज्य-स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति को भेजने से पहले उनकी जांच करने के लिए जिला-स्तरीय अधिकार प्राप्त समितियों का गठन करने के लिए कहा गया है। रियांग ने कहा कि जो लोग छठी अनुसूची के क्षेत्रों (जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद) के तहत रह रहे हैं, वे अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

## ओड़िशा में भाजपा विस की 75 और लोस की 15 सीट पर जीत दर्ज करेगी : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राउरकेला (ओडिशा)/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि चुनाव के बाद ओड़िशा भगवा हो जाएगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानसभा की 75 और लोकसभा की 15 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अबतक हुए चार चरण के चुनाव में ही 270 लोकसभा सीट जीत चुके हैं और अब पार्टी 400 की ओर बढ़ रही है।



ओडिशा में राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं। शाह ने राउरकेला में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 15 से अधिक सांसदों और 75 विधायकों के साथ ओडिशा भी भगवा रंग में रंग जाएगा। यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। राज्य में लोकसभा की कुल 21 और विधानसभा की 147 सीट है। पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के 'रत्नभंडार' की चाबियों के गुम होने का संदर्भ देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक लोगों को गुमराह कर रहे हैं और उनकी आस्था से खेल रहे हैं। रत्नभंडार की चाबियों का गुम होने का मुद्दा गत कई सालों से ओडिशा में प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन रहा है। शाह ने कहा कि यह चुनाव ओडिशा के गौरव, भाषा, संस्कृति और परंपरा के स्थापित करने के लिए है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ओडिशा की सरकार अधिकारी चला रहे हैं।

## अच्छे बहुमत के साथ सत्ता में लौटने वाले हैं प्रधानमंत्री मोदी: सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूदा लोकसभा चुनावों में अच्छे बहुमत के साथ जीत हासिल कर दोबारा सत्ता में लौटने वाले हैं।



अगर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इस चुनाव में जीत मिलती है तो मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। चुनावी नतीजों की घोषणा चार जून को होगी। सीतारमण ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की सालाना कारोबार बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों की मौजूदगी में कहा, नई सरकार बनने के तत्काल बाद हम जुलाई में पेश होने वाले आम बजट को लेकर सीआईआई के साथ संवाद कायम करेंगे। इस बारे में सीआईआई की टीम के साथ काफी परामर्श होना है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में वृद्धि के अपार अवसर हैं और वे अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों तक फैले हुए हैं। वैश्विक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता को आईएमएफ और एसएंडपी जैसी वैश्विक एजेंसियों ने भी मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि उपभोग व्यय में वृद्धि के कारण विशाल भारतीय उपभोक्ता बाजार के 2031 तक दोगुना होने की उम्मीद है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि देश भविष्य में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। सीतारमण ने कहा कि रिजर्व बैंक और आर्थिक समीक्षा के मुताबिक भारत अतीत की दोहरी बहीखाते की समस्या से उबरकर दोहरे बहीखाता लाभ की ओर बढ़ गया है। इससे बाजार में जीवंतता आई है और कंपनियों का निवेश बढ़ा है।

## ओडिशा के गंजाम में झड़प के दौरान भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच एसआईटी करेगी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा पुलिस ने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के समर्थकों के साथ गंजाम जिले में हुई झड़प में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच के लिए शुक्रवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आर के शर्मा के नेतृत्व वाली एसआईटी 30 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल करेगी। पुलिस के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता की मौत के सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के श्री कृष्ण सरनापुर गांव में बुधवार को हुई झड़प में दिलीप कुमार पाहाना (28) की मौत हो गई थी और सात भाजपा समर्थक घायल हो गए थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा था कि झड़प एक उम्मीदवार का पोस्टर लगाने को लेकर हुई और दोनों पक्षों ने धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हो रहे हैं।

### रायबरेली में सोनिया गांधी ने कहा

## आपको सौंप रही हूं अपना बेटा, निराश नहीं करेंगे राहुल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायबरेली (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली की जनता से कहा कि वह उन्हें अपना बेटा सौंप रही हैं और राहुल (राहुल गांधी) लोगों को निराश नहीं करेंगे।

यहां रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवार और अपने बेटे राहुल गांधी के समर्थन में 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, भाइयो और बहनो, मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं, जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही राहुल को अपना मानना। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। रायबरेली लोकसभा का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व कर चुकीं गांधी ने कहा, मुझे खुशी है कि काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। इस क्षेत्र से अपने पारिवारिक रिश्ते की मजबूती दोहराते हुए उन्होंने कहा, 20 साल तक एक सांसद के रूप में मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है, अमेठी भी मेरा घर है। सोनिया गांधी ने कहा, यहां से न केवल जीवन की कोमल यादें जुड़ी हैं, बल्कि पिछले 100 साल से मेरे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि ''गंगा मां की तरह पवित्र यह रिश्ता अवध और रायबरेली के किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ और आज तक कायम है। अपनी सास और रायबरेली से सांसद रहीं दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संस्मरणों को सुनाते हुए सोनिया ने कहा, इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी।

## कानपुर केंद्र पर गलत सीयूईटी-यूजी प्रश्नपत्र वितरित, परीक्षा 29 मई को पुनर्निर्धारित

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक केंद्र पर सीयूईटी-यूजी परीक्षा 29 मई को पुनर्निर्धारित की गई है। इस केंद्र पर गलत प्रश्न पत्र वितरित किया गया था। अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने केंद्र में प्रश्न पत्र लीक होने की खबरों का खंडन किया।

एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परीक्षा 29 मई को कानपुर के महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ कॉलेज के एक परीक्षा केंद्र पर 220 से अधिक छात्रों के लिए आयोजित की जाएगी। केंद्र पर 15 मई को गलत प्रश्न पत्र वितरित किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। अधिकारी ने कहा, कोई पेपर लीक नहीं हुआ था, पर्यवेक्षकों ने गलती से हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम के प्रश्नपत्र वितरित कर दिए। एनटीए 29 मई को दिल्ली केंद्रों के लिए सीयूईटी-यूजी परीक्षा भी आयोजित करेगा क्योंकि 15 मई की परीक्षा अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा से एक रात पहले स्थगित कर दी गई थी। ऐसी ही एक घटना पांच मई को एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित करते समय हुई थी, जिस दौरान राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक केंद्र पर हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न पत्र दिए गए थे।

## अभिषेक ने विकास और सुशासन के मुद्दे पर भाजपा को सार्वजनिक बहस की दी चुनौती

**धनियाखाली (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने विकास और सुशासन के मुद्दे पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सार्वजनिक बहस की चुनौती दी। अभिषेक बनर्जी ने हुगली से निवर्तमान भाजपा सांसद और पार्टी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी को निर्वाचन क्षेत्र में वास्तविक विकास कार्यों को लेकर उनसे बहस करने की चुनौती दी। उनके साथ टीएमसी की हुगली उम्मीदवार रचना बनर्जी भी थीं।



पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के धनियाखाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, भाजपा का दावा है कि उसने बहुत काम किया है। उन्हें एक श्वेत पत्र पेश करना चाहिए। मैं उन्हें (लॉकेट चटर्जी) चुनौती देता हूं कि वह काम के 'रिपोर्ट कार्ड' के साथ मेरे सामने आएं। हम आराम से विजयी होंगे। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की जीत का भी विश्वास जताया जिसमें टीएमसी अहम भूमिका निभाएगी। टीएमसी महासचिव ने विलासिता की वस्तुओं की तुलना में आवश्यक वस्तुओं पर असंगत जीएसटी दरों को रेखांकित करते हुए केंद्र सरकार की कर नीतियों की आलोचना की।

## भाजपा ने ओडिशा में वरिष्ठ नेता विजय महापात्र को पार्टी से निकाला

**भुवनेश्वर/भाषा।** भाजपा ने शुक्रवार को वरिष्ठ नेता विजय महापात्र और दो अन्य को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया। महापात्र के खिलाफ कार्रवाई उनके बेटे अरविंद को पटकुरा विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद हुई। पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की पूर्व सदस्य महापात्र पर अपने बेटे के लिए प्रचार करने का आरोप है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि जिन दो अन्य नेताओं को निष्कासित किया गया है, वे राज्य कार्यकारिणी सदस्य सारदा प्रधान और राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष राकेश मलिक हैं। प्रधान और मल्लिक महापात्र के करीबी माने जाते हैं। बयान में है कि यह कार्रवाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल के निर्देशानुसार की गई।

## संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : सुनील छेत्री



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे। 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे कैरियर पर भी विराम लग जायेगा जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए। छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा, संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं, डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया। उन्होंने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर विस्तार से कुछ नहीं कहा। मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाड़ियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है।

# मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं : उसेन बोल्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दुनिया के सबसे तेज 'फर्राटा' धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे। वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि निकट भविष्य में इन्हें कोई खतरा नहीं है।



न्यूयॉर्क से पीटीआई को फोन पर दिए साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद जिंदगी, फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैम्पियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है।

बोल्ट ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा। आप समझते हो, मुझे रिकॉर्ड को तोड़ने वाला कोई खिलाड़ी नहीं दिखता। उन्होंने हसंते हुए कहा, इसलिए मुझे लगता है कि यह अभी कुछ और वर्षों तक कायम रहेगा। बोल्ट एकमात्र फर्राटा धावक हैं जिन्होंने लगातार तीन ओलंपिक में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि विश्व रिकॉर्ड पर खतरा होगा। कुछ खिलाड़ी 10 सेकेंड के अंदर का समय निकालने में सफल रहे हैं। मैं अभी उन्हें देख रहा हूं। जुलाई में हम देखेंगे कि कौन सबसे आगे रहता है। बोल्ट संन्यास के बाद कई व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं के कारण दुनिया भर में घूमते रहते हैं लेकिन जब वह प्रतियोगिता देखते हैं तो उन्हें इसमें हिस्सा नहीं ले पाने की कसक कचोटती है। उनसे जब संन्यास के बाद की जिंदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं शिकायत नहीं कर सकता। मैं व्यस्त रहने की कोशिश करता हूं। अब मेरा परिवार है इसलिए मैं घर पर परिवार के साथ समय बिताने का प्रयास करता हूं। लेकिन मुझे प्रतियोगिताओं में खेलने की कमी महसूस होती है, विशेषकर तब जब मैं इन्हें देखता हूं। बोल्ट ने कहा, जब मैं इस साल ओलंपिक में जाऊंगा तो मैं बेकरार रहूंगा। मैं उत्साहित हूं कि पहली बार चैम्पियनशिप देखने जाऊंगा। इसलिए यह अच्छा होना चाहिए। पेरिस में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में स्टार एथलीट इकट्ठा होंगे और वह भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को भी खेलते हुए देखना चाहते हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भारत को एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाया था। जब बोल्ट से पूछा गया कि क्या वे चोपड़ा और उनकी उपलब्धियों से वाकिफ हैं तो उन्होंने कहा, निश्चित रूप से। जब मैंने यह देखा तो मैंने कहा कि उसके लिए यह वास्तव में रोमांचक होगा। यह देश के लिए उपलब्धि है।

## निशानेबाज मनु भाकर का ओलंपिक चयन ट्रायल्स में दबदबा बरकरार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** ओलंपियन मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स (ओएसटी) में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाये रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।



पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3) और रविंदर सिंह (176.9) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं। नैन्सी शूट ऑफ में इलावेनिल से पिछड़कर तीसरे स्थान पर रहीं जबकि मेहुली घोष और तिलोत्मा सेन क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स में श्री कार्तिक सबरी राज ने 24 शॉट के शूटआउट में बढ़त बनायी। उनके और दिव्यांश सिंह पंवार के समान 252.5 अंक रहे। अर्जुन बबुता (229.9) तीसरे जबकि विश्व चैम्पियन रूद्रांक्ष पाटिल और संदीप सिंह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

## सुविचार

नसीब बन कर कोई ज़िन्दगी में आता है, फिर ख्वाब बन कर आँखों में समा जाता है, यकीन दिलाता है कि वो हमारा ही है, फिर ना जाने क्यों वक़्त के साथ बदल जाता है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सतर्कता और जागरूकता

इन दिनों 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जिस तरह लोगों की ज़िंदगीभर की कमाई लूटी जा रही है, वह अत्यंत चिंता का विषय होने के साथ ही इस बात का भी प्रमाण है कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास की कमी का फायदा अपराधी उठा रहे हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कुछ होता ही नहीं है, लेकिन बड़े-बड़े लोग इसके झांसे में आ रहे हैं। हाल में सेना से बतौर मेजर जनरल सेवानिवृत्त अधिकारी से साइबर अपराधियों ने 37.68 लाख रुपए ठग लिए! जब इतने उच्च पद तक पहुंचे व्यक्ति को साइबर अपराधी डरा-धमका सकते हैं तो आम आदमी की क्या हैसियत है? वह तो थाने का नाम सुनते ही डर जाता है। उसे अपनी मामूली शिकायत दर्ज कराने से पहले ऐसा व्यक्ति ढूंढ़ना पड़ता है, जिसकी वहां 'जान-पहचान' हो! आज हालात ऐसे हैं कि लोगों को फोन या वीडियो कॉल पर कोई कह दे कि आपको 'डिजिटल अरेस्ट' किया जा रहा है, तो उनमें से ज्यादातर इस बात पर विश्वास कर लेंगे कि इंटरनेट का जमाना है, लिहाजा गिरफ्तारी का ऐसा भी कोई स्वरूप आ गया होगा! उच्चाधिकारियों और उच्च शिक्षित लोगों का भी ऐसे झांसे में आना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे मोबाइल पर आने वाली हर चीज पर आंखें मूंदकर भरोसा कर लेते हैं। इससे ठगों की मौज हो गई है और फेक न्यूज का 'धंधा' भी चमक रहा है। किसी सेवानिवृत्त व्यक्ति से 37.68 लाख रुपए ठग लेने का मतलब है- उसकी पूरी बचत पर हाथ साफ कर देना। लिहाजा ऐसी घटनाओं की जानकारी रखने के साथ ही इनसे दूसरों को भी सावधान करना चाहिए। जिन सेवानिवृत्त मेजर जनरल से 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी हुई, उन पर वही दांव 'खेला' गया, जो ऐसे कई मामलों में महीनों से खेला जा रहा है। उन्हें फोन पर बताया गया कि आपका कूरियर आया है, जिसमें मादक पदार्थ और पांच पासपोर्ट समेत अन्य सामान है ... तीन क्रेडिट कार्ड और कपड़े भी हैं। इस कूरियर को भेजने के लिए आपके आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया है। इसलिए आपको 'डिजिटल अरेस्ट' किया जा रहा है।

ज्यादातर लोग ठगों की फर्जी कहानी के जाल में आ जाते हैं। उसके बाद 'डिजिटल अरेस्ट' की प्रक्रिया शुरू होती है, जिसका जिक्र कानून की किसी भी किताब में नहीं है। ऐसे हालात में लोग अपनी जान बचाने के साथ ही परिवार और प्रतिष्ठा के बारे में सोचने लगते हैं, जो कि स्वाभाविक है। वे यह भी जानते हैं कि उन्होंने ऐसा कोई सामान नहीं भेजा, लेकिन फोन पर 'पुलिस अधिकारी' की रौबदार आवाज सुनकर विश्वास कर लेते हैं कि मैंने नहीं तो किसी और ने भेज दिया होगा। वे किसी भी तरह इस 'झमेले' से बचना चाहते हैं। शुरुआती सख्ती के बाद ठग के रवैए में कुछ नरमी आ जाती है। वह हमदर्दी दिखाते हुए कहता है कि 'आप अच्छे घर के व्यक्ति हैं, इसलिए आपकी ओर से मैं इस मामले का निपटारा करवा सकता हूं ... बस इतने रुपए भेज दीजिए। चूंकि आप बेकसूर हैं, इसलिए मामले की जांच होने के बाद ये रुपए आपको वापस मिल जाएंगे।' ऐसे मामलों में लोग यह सोचते हुए ठगों को रुपए भेज देते हैं कि अब डरने की कोई बात नहीं, यह रकम तो देर-सबेर मिल ही जाएगी ... पहले इस मुसीबत से तो बाहर निकलूं।' वे अपनी पूरी जमा-पूंजी ठगों के हवाले कर देते हैं। जब तक उन्हें असलियत का पता चलता है, बहुत देर हो जाती है। हाल में जालसाजों ने एक बुजुर्ग महिला चिकित्सक को इसी तरह 'डिजिटल अरेस्ट' का भय दिखाकर 45 लाख रुपए ठग लिए थे। जो रकम उन्होंने अपनी वृद्धावस्था को सुरक्षित बनाने, पारिवारिक खर्चों और तीर्थयात्रा आदि के लिए रखी होगी, वह कुछ ही मिनटों में ठगों के पास चली गई। इन मामलों से मुख्यत: दो सवाल पैदा होते हैं- लोग ठगों की बातों पर कैसे विश्वास कर लेते हैं? वे पुलिस के पास जाने के बजाय ठगों को रुपए क्यों भेज देते हैं? इनके जवाब हैं- लोग समाचारों के विश्वसनीय स्रोतों से दूर होते जा रहे हैं। अगर उन्हें मालूम हो कि आजकल ठगी की ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो वे समय रहते सचेत हो सकते हैं। लोग तुरंत पुलिस के पास नहीं जाते, बल्कि बड़ी रकम गंवाने के बाद जाते हैं। पुलिस को चाहिए कि वह जनता के साथ विश्वास को बढ़ावा दे, ताकि लोग ऐसी हर फोन कॉल के बारे में सूचना देकर ठगी के जाल को तोड़ने में मददगार बनें। साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की सतर्कता और जनता की जागरूकता, दोनों की जरूरत है।

## ट्वीटर टॉक



हमारे यहां लोगों ने एक परसेप्शन बना दिया है कि महिलाएं घरेलू होती हैं। जबकि वास्तविकता ये है कि आज भी कृषि में 60 प्रतिशत योगदान महिलाओं का है। आज भी दुनिया में जो कमर्शियल फ्लाइट पायलट्स हैं उनमें 15 प्रतिशत पायलट्स वीमेन भारत की हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**



ओडिशा प्रवास के दौरान दासपल्ला में कंधमाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री सुकांत कुमार पाणिग्रही जी के समर्थन में आयोजित जनसभा में देवतुल्य जनता-जनार्दन को संबोधित किया और देवतुल्य जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

**-भजनलाल शर्मा**



संसद भवन परिसर में आए बिहार सरकार के प्रांतीय सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद किया। कड़े परिश्रम से ये युवा अपनी प्रतिभा सिद्ध कर चुके हैं। इन अधिकारियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य करें व पूर्ण निष्ठा से जन सेवा के प्रति समर्पित रहें।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# समर्पण की साधना

एक बार वर्ड्सवर्थ अपने मित्र कॉलरिज के साथ शोध कार्य की तल्लीनता में भोजन की सुध खो बैठे। उन्होंने एक जग भरकर जल पिया और लंबी डकार लेकर फिर से अपने काम में जुट गये। कॉलरिज ने याद दिलाया कि आप अठारह घंटे से भूखे हैं। वह बोले, अभी यह जल ही काफी है। वे फिर से उसी तल्लीनता से कागजों के अध्ययन में डूब गये। थोड़ा मिलने पर उसे बहुत मान लेने की उनकी यह आदत कॉलरिज को प्रभावित कर गयी। शेक्सपियर और मिल्टन के बाद वर्ड्सवर्थ अंग्रेजी के तीसरे महाकवि माने जाते हैं। उनकी कुछ कविताएं, विशेष रूप से प्रकृति को समर्पित कविताएं विश्व साहित्य की अमूल्य निधि हैं।

## सामयिक

# आखिर क्यों आदर्श आचार संहिता की कोई नजीर पेश नहीं होती?

**प्रियंका सौरभ**
**मो. 7015375570**

आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) भारत के चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए उनके चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखने के लिए जारी दिशानिर्देशों का एक सेट है। इसमें चुनाव से पहले नेताओं और पार्टियों के लिए क्या करें और क्या न करें की एक सूची दी गई है। आदर्श आचार संहिता चुनावी धोखाधड़ी की समस्याओं से निपटने का प्रयास करती है और यह गारंटी देती है कि चुनाव निष्पक्ष और कानूनी रूप से आयोजित किए जाते हैं। आदर्श आचार संहिता राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोकती है जो पहले से मौजूद तनाव को बढ़ा सकती है, दुश्मनी को बढ़ावा दे सकती है। एक दूसरे के प्रति, और विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषाई समूहों के बीच संघर्ष को जन्म देता है।

एमसीसी राजनीतिक दलों से अपने मंच की स्पष्ट व्याख्या और चुनाव के दौरान आवश्यक धन जुटाने की योजना की सामान्य रूपरेखा प्रदान करने का आग्रह करता है। आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सत्ता में मौजूद पार्टी द्वारा अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के लिए सरकारी मशीनरी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर असमानताओं को कम करना है। आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह की सरकारी घोषणाएं, योजनाओं की घोषणा, परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास या भूमिपूजन के कार्यक्रम नहीं किया जा सकता। सरकारी गाड़ी, सरकारी विमान या सरकारी बंगले का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता है।

किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से पहले पुलिस से अनुमति लेनी होगी। कोई भी राजनीतिक दल जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं से वोट नहीं मांग सकता न ही वह ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हो सकता है जिससे




धर्म या जाति के आधार पर मतभेद या तनाव पैदा हो। राजनीतिक दलों की आलोचना के दौरान उनकी नीतियों, कार्यक्रम, पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए। अनुमति के बिना किसी की ज़मीन, घर, परिसर की दीवारों पर पार्टी के झंडे, बैनर आदि नहीं लगाए जा सकते। मतदान के दिन शराब की दुकानें बंद रहती हैं। वोटरों को शराब या पैसे बाँटने पर भी मनाही होती है।

मतदान के दौरान ये सुनिश्चित करना होता है कि मतदान बूथों के पास राजनीतिक दल और उम्मीदवारों के शिविर में भीड़ इकट्ठा न हों। शिविर साधारण हों और वहां किसी भी तरह की प्रचार सामग्री मौजूद न हो। कोई भी खाद्य सामग्री नहीं परोसी जाए। सभी दल और उम्मीदवार ऐसी सभी गतिविधियों से परहेज करें जो चुनावी आचार संहिता के तहत 'भ्रष्ट आचरण' और अपराध की श्रेणी में आते हैं- जैसे मतदाताओं को पैसे देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, फ़र्ज़ी वोट डलवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, मतदान से पहले प्रचार बंद हो जाने के बाद भी प्रचार करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना। राजनीतिक कार्यक्रमों पर नज़र रखने के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक या ऑब्ज़रवर नियुक्त करता है। आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग की इजाज़त के बिना किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला नहीं किया जा सकता है।

भारत के चुनाव आयोग को 1968 के चुनाव चिह्न आदेश के माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर किसी पार्टी की मान्यता निलंबित करने या वापस लेने का अधिकार है। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप पार्टी को अपना आरक्षित प्रतीक खोना पड़ सकता है, जिससे उसकी चुनावी भागीदारी प्रभावित हो सकती है। ईसीआई को सभी पार्टियों और उम्मीदवारों पर एमसीसी लागू करने में तटस्थ रहना चाहिए। एमसीसी को कानूनी समर्थन देने के लिए चुनाव सुधारों पर स्थायी समिति के प्रस्ताव की जांच और जांच करना आवश्यक है।नई प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए एमसीसी में संशोधन: फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए, जिनका उपयोग चुनाव के दिन जनता की राय को प्रभावित करने के लिए किया जाता है, एमसीसी को संशोधित किया जाना चाहिए, और ईसीआई की क्षमता का विस्तार किया जाना चाहिए।

एमसीसी उल्लंघन के मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें बनाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए ईसीआई को निर्देश भी दे सकता है। हालाँकि एमसीसी के पास कोई वैधानिक समर्थन नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इसके सख्त कार्यान्वयन के कारण पिछले दशक में इसे ताकत हासिल हुई है। इन उपायों को लागू करके, भारत का चुनाव आयोग देश में चुनावों की अखंडता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने, आदर्श आचार संहिता को बनाए रखने में अपनी भूमिका को और मजबूत कर सकता है।

सभी नियमों को जानने-समझने के बाद रह जाता है एक सवाल कि क्या आदर्श आचार संहिता का पालन ठीक से होता है? वैसे तो आचार संहिता को लेकर कोई पुख्ता नियम नहीं हैं। इसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाना है। इसे लागू करने के लिए चुनाव आयोग नैतिक मंजूरी या निंदा का उपयोग करता है। चुनाव आयोग को इसके तहत कुछ शक्तियां मिली हुई हैं जैसे लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद आयोग ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किये हैं। बीते कुछ सालों में देश में जितने भी चुनाव हुए हैं, चाहे वो लोकसभा के हों या विधानसभा के, सब में आचार संहिता उल्लंघन के मामले सामने आते रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां आमतौर इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेतीं। उल्लंघन करने पर कार्रवाई तो होती है, पर वो ऐसी नहीं होती की कोई नज़ीर पेश कर सके।

## नजरिया

## चारधाम यात्रा : सैलानियों का सैलाब

# पहाड़ और पर्यावरण दोनों के लिए चुनौती!

**मनोज कुमार अग्रवाल**
**मोबाइल : 9219179431**

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ ने तमाम इंतजामात को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है। जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी मनमानी खिलवाड़ की जा रही है। अब तक चार धाम यात्रा के लिए गए 11 लोगों की मौत भी हो गई है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है।

चार धाम यात्रा के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं. यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है. यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रेक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े काफी डराने वाले हैं। अगर आप अभी उत्तराखंड में चारधाम यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं तो फिलहाल इसे कुछ दिन टाल दें, क्योंकि अधिक भीड़ हो जाने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि बिना रजिस्ट्रेशन के यात्री पहुंच रहे हैं बुधवार से प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। व्यवस्था सुधारने के लिए सचिव स्तर के अधिकारी पहुंचे हैं। अब तक 2 लाख 76 हजार 416 श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। उत्तरकाशी - गंगोत्री मार्ग पर पर सोमवार को गंगनानी के पास 45 किलोमीटर लंबा जाम लगा था जिसे बार बार खुलवाया गया है। हालांकि यात्रा सुचारू रुप से चलने का दावा किया गया है। गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे के हवाले से बताया गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 4 को डायबिटीज के साथ-साथ ब्लड प्रेशर की भी शिकायत थी। पांडेय ने कहा कि कोशिश है सुगम व सुरक्षित यात्रा के साथ हर श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिले।

यात्रा के लिए 26 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। पांडेय ने बताया कि चारधामों में 14 मई तक ऑनलाइन कुल 26 लाख 73 हजार 519 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। गंगोत्री में 4 लाख 21 हजार 366, यमुनोत्री के लिए 4 लाख 78 हजार 576, श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए 9 लाख सात हजार 60 और केदारनाथ धाम के लिए कुल 8 लाख 13 हजार



**अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्रियों के जमघट चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भोगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है टनों कचरा प्लास्टिक बोतल पालीथीन पहले से वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट बना रहे हैं गाड़ियों की उत्सर्जित प्रदूषण गर्मी यहां के प्राकृतिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं।**

558 जबकि श्रीहेमकुंड साहिब के लिए 59,312 पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक कुल 1,42,641 पंजीकरण ऑफलाइन हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यमुनोत्री में आज तक 59,158, गंगोत्री में 51,378, केदारनाथ में 1,26,306 व बद्रीनाथ धाम में 39,574 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

पहले दिन अधिक श्रद्धालु पहुंच गए यमुनोत्री धाम में पांच किमी का रास्ता बेहद संकरा है। यहां पर एक समय में सीमित संख्या में ही लोग आ-जा कर सकते हैं। पिछले साल जब कपाट खुले थे तो उस दिन कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस बार कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री आ गए। केदारनाथ धाम में पिछले साल कपाट खुलने वाले दिन 18,335 यात्री आए लेकिन इस साल करीब 29 हजार श्रद्धालु पहुंच गए। यमुनोत्री धाम के जानकी चट्टी में कुल 15,455 श्रद्धालु थे जिनमें से आज सुबह 10 बजे तक कुल 4 हजार यात्री दर्शन भी कर चुके थे। गंगोत्री में 3902, केदारनाथ में सुबह 10 बजे तक 8194 एवं बद्रीनाथ में 4518 ने श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुरक्षा के मद्देनजर कुछ यात्रियों को यमुनोत्री व गंगोत्री मार्ग पर भी ठहराया जा रहा है। सूखी टॉप से लौटते समय व गंगनानी से आगे गेट सिस्टम लागू किया गया है।

अगर कोई टूर ऑपरेटर बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को ले जाते हुए मिलता है तो यात्रियों को होल्ड कर वाहनों के परमिट सस्पेंड किए जाएंगे। प्रशासन ने लोगों से रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही यात्रा करने को कहा है साथ ही कहा कि जिस तारीख का पंजीकरण हो उसी दिन पहुंचें। दावा है कि श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच संबंधी स्क्रीनिंग के पर्याप्त इंतजाम हैं। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य के बारे में पूरी व सही जानकारी देना चाहिए। चारों ही धाम ऊंचाई पर हैं जहां एकाएक गर्म स्थानों से आए लोगों को यहां के क्लाइमेट में ढलने में दिक्कत होती है। श्रद्धालुओं के लिए कुल 14 भाषाओं में स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की गई है।केदारनाथ धाम के लिए 18 हजार प्रतिदिन व यमुनोत्री में 8 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन के लिहाज से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। लोगों के लिए न रुकने का ठिकाना, न खाने-पीने की व्यवस्था पिछले चार दिनों के दौरान गंगोत्री जाते वक्त उत्तरकाशी से 20 किमी आगे बढ़ते ही सड़क किनारे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आराम करते दिख रहे हैं। यहां न खाने का ठिकाना है और न रुकने का। आसपास के गांवों के लोग पानी की बोतल के 30 से 50 रु. तो शौचालय उपयोग का 100 रु. तक ले रहे हैं।

गंगोत्री रूट पर छह दिन से जाम में फंसे महाराष्ट्र, मप्र, गुजरात, राजस्थान, ओडिशा और दिल्ली के 7 हजार यात्रियों ने आगे की यात्रा स्थगित कर लौटना ही मुनासिब समझा।पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। पिछले साल यमुनोत्री, गंगोत्री के कपाट 22 अप्रैल तो केदारनाथ के 25 अप्रैल और बद्रीनाथ के 27 अप्रैल को खुले थे। तब यात्रा के शुरुआती पांच दिनों में 52 हजार लोग ही पहुंचे थे। इस बार चार दिन में 1.30 लाख से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। 2023 में इतने लोग 16 दिन में पहुंच पाए थे। गुजरात सरकार ने श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए गांधीनगर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर बनाया है।

अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्रियों के जमघट चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भोगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है टनों कचरा प्लास्टिक बोतल पालीथीन पहले से वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट बना रहे हैं गाड़ियों की उत्सर्जित प्रदूषण गर्मी यहां के प्राकृतिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं।

बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आ रहे लोगों की बढी तादाद है लेकिन तत्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊचाईयों वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरु होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि लापरवाही चरम पर है व्यवस्थाएँ कमजोर है और सिस्टम नाकारा है। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालातों में पहाड़ की सेहत से तो जबरदस्त खिलवाड़ की जा रही है ऐसा करना अतिसंवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की प्राकृतिक सौंदर्य और वातावरण के साथ भी अन्याय है। सरकार बेरोजगारी के माहौल में रोजगार और राजस्व के लोभ में आंख बंद कर रही है और लोग पर्यटन और पुन्य का दोहरा लाभ उठाने के लिए सरपट दौड़ लगा रहे हैं।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

स्वागत



समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को अमेठी में संसदीय चुनाव के लिए भारत गठबंधन के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली में समर्थकों द्वारा माला पहनाई गई।

# भारत को मानवाधिकार पर उपदेश देने से काम नहीं चलेगा, बातचीत जरूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई, लेकिन साथ ही कहा कि इस मामले में नयी दिल्ली को उपदेश देने से कोई लाभ नहीं होगा और इस बाबत भारतीय नेतृत्व के साथ वार्ता की जरूरत है। भारतीय अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बृहस्पतिवार को डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के 'देसी डिसाइड्स' सम्मेलन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोगों से कहा, भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, जब आप (विदेश मंत्री एस) जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। उनका कहना है कि औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना (उपदेश देना) उपयोगी नहीं होगा।

खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि (भारत के साथ) यह बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। 'कांग्रेशनल इंडिया कॉकस' के सह अध्यक्ष रो खन्ना के साथ इस संवाद में भारतीय अमेरिकी सांसद श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. एमी बेरा भी शामिल हुए।



# फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। रमेश तौरानी और जया तौरानी निर्मित और निपुण अविनाश धर्माधिकारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरो मे रिलीज होगी।



# फ़िल्म 'अग्नि साक्षी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली प्रदीप पांडेय चिंटू और अक्षरा सिंह की फ़िल्म अग्नि साक्षी का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर साईं दीप फिल्म्स प्रस्तुत लेखक, निर्देशक और निर्माता राजकुमार आर पांडेय की फिल्म अग्नि साक्षी का फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है, जिसमें मुख्य भूमिका में प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ अक्षरा सिंह और तनुश्री नजर आ रही हैं।

यह फिल्म कई मायनों में महत्वपूर्ण है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस फिल्म की स्क्रीनिंग इस बार कांस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होने जा रही है, जहां इस फिल्म को वैश्विक दर्शकों का एक्सपोजर मिलने वाला है। फिल्म की पहली झलक में प्रदीप पांडेय चिंटू, अक्षरा सिंह का आंचल पड़े नजर आ रहे हैं और उनके पीछे तनुश्री भी नजर आ रही हैं। कहानी राजकुमार आर पांडेय ने लिखी है।

वही फिल्म अग्नि साक्षी का फर्स्ट लुक आउट होने के बाद राजकुमार आर पांडेय ने कहा कि अग्नि सिर्फ जलाती ही नही/ पेट की आग भी बुझाती है । सात जन्म तो क्या/ जन्म जमांतर के रिश्ते भी बनाती है। आप सभी के बीच मेरी बहुत ही खूबसूरत फिल्म अग्निसाक्षी का पहला लुक पोस्टर लॉच किया गया। यह फिल्म बहुत ही बड़े और भव्य कैनवास पर बनी है। मेरी ये फ़िल्म अपनी संस्कृति और संस्कारो को संजोए हुए एक हाई बोल्ड ड्रामेटिकल फ़िल्म है जो आप सभी के दिल को ज़रूर छू जाएगी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म हर एंगल से इंटरनेशनल सिनेमा के प्लेटफार्म पर परफॉर्म करने को सक्षम है और दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की काबिलियत रखता है। इस फिल्म का चयन कांस जैसे बड़े फिल्म फेस्टिवल के मंच पर हुआ है।

फिल्म अग्निसाक्षी में प्रदीप पांडेय चिंटू, अक्षरा सिंह और तनु श्री के अलावा राज सिंह राजपूत, आकाश यादव, विपिन सिंह, ग्लोरी महानता, मनोज द्विवेदी, लाखन भारद्वाज पंडित, उदय श्रीवास्तव, प्रिया पांडेय, के के गोस्वामी, शकीला मजीद, मंटू लाल, अजीत मंडल, ओम साव, जे नीलम ,संजय पांडेय मुख्य भूमिका में हैं।

निर्माता -निर्देशक राजकुमार आर पांडेय हैं।कैमरामैन देवेंद्र तिवारी हैं। गीत और संगीत राजकुमार आर पांडेय का है।कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन प्रदीप खड़का का है। आर्ट-शेरा, प्रोडक्शन हेड महेश उपाध्याय प्रोडक्शन कंट्रोलर आशीष दुबे, प्रोडक्शन मैनेजर मुकेश तिवारी हैं।

# भारतीय अमेरिकियों को हर पद के लिए चुनाव लड़ना होगा : कृष्णमूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के लोगों से कहा कि अब समय आ गया है कि वे प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए चुनाव लड़ें और हर बार मतदान जरूर करें। साथ ही उन्होंने देश के नागरिक मामलों में भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें मतदान करना होगा। क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है। याद रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है। हमें मतदान करना है। उनकी यह टिप्पणी नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है, जिसमें डेमोक्रेट नेता और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का मुकाबला रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा।

प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक हितों के लिए काम करना है। हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा। हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा। हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा, आप डेमोक्रेट हो, रिपब्लिकन हो या निर्दलीय हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता; बस आप इस बात को समझें कि आपको आपके देश के प्रशासनिक मामलों में भागीदारी की जरूरत है और अब ऐसा करने का समय आ गया है। कृष्णमूर्ति ने कहा, मेरा तीसरा और अंतिम बिंदु है कि यह हर स्तर के पदों पर चुनाव लड़ने का समय है। इसी समारोह में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। कृष्णमूर्ति ने कहा, इसलिए मुझे उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगे। आप शहर काउंसिल के लिए लड़ सकते हैं।



लॉन्च

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा दास और डिश टीवी के सीईओ मनोज डोभाल शुक्रवार को हैदराबाद में 'डिश टीवी स्मार्ट+' लॉन्च करते हुए।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने 'क्रिमिनल जस्टिस सीज़न चार' की घोषणा की

मुंबई/एजेन्सी

वीडियो स्ट्रीमिंग वेबसाइट डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने शुक्रवार को पंकज त्रिपाठी अभिनीत सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के नए सीजन की घोषणा की। रोहन सिप्पी निर्देशित और बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट निर्मित क्रिमिनल जस्टिस का नया सीज़न जल्द ही शुरू होने वाला है। पंकज त्रिपाठी ने इस सीजन में माधव मिश्रा के रूप में वकील की भूमिका में निभायी है। डिज़्नी प्लस हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क के कंटेंट हेड गौरव बनर्जी ने कहा, क्रिमिनल जस्टिस प्रशंसकों के लिए सबसे प्रतीक्षित वेब श्रृंखला में से एक बन गई है, मुझे यकीन है कि पंकज त्रिपाठी प्रतिष्ठित माधव मिश्रा के रूप में अपनी वापसी से निराश नहीं करेंगे और दर्शकों का दिल बखूबी जीतेंगे ! पंकज त्रिपाठी ने कहा, हर जीत मेरी अपनी लगती है, और हर हार एक व्यक्तिगत क्षति की तरह महसूस होती है। मैं डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर नए सीज़न की घोषणा करने के लिए उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस सीज़न को पहले की तरह ही पसंद करेंगे।



# राजस्थान के 50 डिग्री तापमान में निया शर्मा कर रही 'सुहागन चुड़ैल' की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

अपकमिंग फैंटेसी-थ्रिलर-रोमांस ड्रामा 'सुहागन चुड़ैल' में लीड रोल निभाने वाली निया शर्मा ने राजस्थान में 50 डिग्री सेल्सियस के तापमान व चिलचिलाती धूप में शूटिंग की और बताया कि इसमें उनकी टीम ने उनकी किस तरह मदद की।

निया ने चिलचिलाती गर्मी और दुर्गम इलाके का सामना करते हुए राजस्थान में शो के स्पेशल ओपनिंग सीक्वेंस की शूटिंग की। अनुभव के बारे में बात करते हुए, 'नागिन' फेम ने कहा: राजस्थान की खूबसूरती मुझे हमेशा रोमांचित करती है।

हमारी शूटिंग के दौरान टेस्टी खाना था और 50 डिग्री तापमान था। चिलचिलाती धूप में घंटों बिताने से चेहरा काला हो गया, लेकिन एक एक्टर के रूप में काम सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। हर चुनौती ने मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया।''

निया ने आगे कहा, मेरी टीम ने मुझे हाथ के पंखों से हवा दी और मुझे ठंडा रखा, जिससे मैं अपना बेस्ट परफॉर्म दे सकी। यह दर्शकों का प्यार है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, और यह इन चुनौतियों पर काबू पाने को सार्थक बनाता है। मैं अपने नए शो के लिए इतना जबरदस्त उत्साह दिखाने के लिए उन्हें धन्यवाद देती हूं और राजस्थान की चिलचिलाती गर्मी के बीच हमने जो जादू पैदा किया है, उसे देखने के लिए मैं इंतजार नहीं कर सकती।'' 'सुहागन चुड़ैल' का प्रीमियर 27 मई को रात 10.30 बजे कलर्स पर होगा।



# संयुक्त राष्ट्र, भारतीय दूतावास, इजराइल सरकार के अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तेल अवीव। गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। हमले में जॉर्डन से संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग का एक कर्मचारी घायल हुआ है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

दूतावास ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा, दूतावास के अधिकारियों के साथ-साथ इजराइल के विदेश मंत्रालय, इजराइल रक्षा बल और यूएनडीएसएस तथा संयुक्त राष्ट्र के अन्य संगठनों के अधिकारियों ने कर्नल वैभव अनिल काले (सेवानिवृत्त) को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना से 2022 में, समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल काले दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने कश्मीर में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स की कमान संभाली थी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा था, हम भारत की सरकार और लोगों के प्रति खेद और संवेदना व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा दिये गए योगदान की सराहना करते हैं। गुतारेस ने भी काले के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और सभी बंधकों की रिहाई किये जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गाजा में अब तक संयुक्त राष्ट्र के 190 से अधिक कर्मचारी मारे गए हैं।

प्रचार



गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए उम्मीदवार और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में विशाल सभा को संबोधित किया।

# 'स्लो जो' में मुख्य भूमिका निभाएंगे जैकी श्रॉफ

मुंबई/एजेन्सी

अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के निर्देशन में बन रही बायोपिक स्लो जो में जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। सिंगापुर प्रोडक्शन हाउस हेज़लनट मीडिया के सह-सीईओ इसाबेला श्रेयाशी सेन और ओलिवियर डॉक द्वारा निर्मित, बहुप्रतीक्षित बायोपिक स्लो जो से प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेत्री और निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के निर्देशन में कदम रखा है। प्रतिष्ठित अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ सहयोग करते हुए, बोनेयर दिवंगत भारतीय संगीतकार जोसेफ मैनुअल दा रोचा, जिन्हें प्यार से स्लो जो के नाम से जाना जाता है, के जीवन की इस मनोरम सिनेमाई यात्रा को संचालित करने के लिए अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आए हैं।



डॉक ने कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय कहानी को स्क्रीन पर लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं, और इस परियोजना में जैकी और सैंड्रिन को लेकर हम बेहद खुश हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा,मैं 'स्लो जो' के निर्देशक सैंड्रिन बोनेयर के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं । उनकी असाधारण प्रतिभा और दूरदृष्टि निस्संदेह फिल्म को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

ऐसे सम्मानित फिल्म निर्माता के साथ काम करना एक सम्मान की बात है, और मैं स्लो जो की असाधारण यात्रा को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्सुक हूं। बोनेयर ने कहा,जोसेफ मैनुअल दा रोचा की कहानी मूविंग और एक्सट्रा ऑडिनरी है, जो दर्शाती है कि प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और अपने सपनों को हासिल करना नामुमकिन नहीं है। मैं प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं और फिल्म की शूटिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतज़ार है।

# अब किसी भी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाउंगी : शिवांगी वर्मा

मुंबई/एजेन्सी



फिल्म 'पिचाईकरण 2' के गाने 'नाना बुलुकु' के लिए 10 किलो वजन बढ़ाने वाली एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा ने अपना वजन घटाने के अनुभव के बारे में बात की और कहा है कि वह किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अपना वजन दोबारा कभी नहीं बढ़ाएंगी। 'छोटी सरदारनी', 'रिपोर्टर्स' और 'टीवी, बीवी और मैं' में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने साझा किया कि वह समर्पण और कड़ी मेहनत से 10 किलो वजन कम करने में सफल रहीं। शिवांगी ने कहा, मैंने इसे किसी तरह मैनेज किया। 69 से 59 तक पहुंचने में मुझे सचमुच एक साल लग गया। मेरे डाइटिशियन को धन्यवाद, मुझे लगता है कि मैं काफी फोकस्ड थी। मेरा वर्कआउट सही था, यही वजह है कि मैं वजन कम करने में सफलता हासिल कर पायी।'' हालांकि, अब उन्होंने तय कर लिया है कि वो किसी भूमिका के लिए वजन बढ़ाने के लिए सहमत नहीं होंगी। 'नच बलिए सीजन 6' के फाइनलिस्ट ने कहा, अब, मैं कभी भी किसी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाऊंगी। अगर मुझे ऐसा करना पड़े तो मैं प्रोजेक्ट को छोड़ दूंगी।'' वजन कम करने के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में, शिवांगी ने कहा, पहला है सही डाइट लेना, दूसरा है रोजाना वर्कआउट करना और तीसरा है अपनी इच्छाशक्ति को बरकरार रखना। मुझे लगता है कि आपको अपने ऊपर कंट्रोल रखने की जरूरत है। आपकी जीभ ही यह तय करती है कि आप कितना वजन बढ़ाते हैं या घटाते हैं।''

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में गतिमान धर्म व संस्कार शिविर में चौथे दिन आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिता चिता है।



# इंदौर में बीएसएफ के शस्त्र संग्रहालय में संजोए गए 300 दुर्लभ हथियार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर। क्या आपने कभी ऐसी बंदूक देखी है जो बाहर से तो किसी आम छड़ी की तरह नजर आती हो, लेकिन घोड़ा दबते ही इससे निकली गोली निशाने पर लगने के बाद दुश्मन का काम तमाम करने में सक्षम हो। ऐसी तीन स्टिक गन इंदौर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्ल्यूटी) के शस्त्र संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बीएसएफ के पहले महानिदेशक केएफ रुस्तमजी की सोच से 1967 में स्थापित इस संग्रहालय में 300 दुर्लभ हथियार संजोए गए हैं। इनमें बंदूक, पिस्तौल, रिवॉल्वर, राइफल, सब मशीन गन, लाइट मशीन गन (एलएमजी), मीडियम मशीन गन (एमएमजी), रॉकेट लॉन्चर, मोर्टार और ग्रेनेड लॉन्चर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अलग-अलग स्रोतों से जुटाए गए इस नायाब संग्रह में बड़े हथियारों के साथ ही ऐसी मिनी पिस्तौल भी हैं जो हथेली में समा जाती हैं। सीएसडब्ल्यूटी के महानिरीक्षक बीएस रावत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस संग्रहालय में खासकर 14वीं सदी के हथियारों से लेकर बाद की पीढ़ियों के हथियारों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा, इस संग्रहालय के जरिये आपको पता चलता है कि शुरुआत में मानव जाति किन हथियारों का इस्तेमाल करती थी और पहला व दूसरा विश्व युद्ध आते-आते हथियारों का किस तरह क्रमिक विकास होता चला गया। रावत ने बताया कि बीएसएफ के इस संग्रहालय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शहीद भगत सिंह की वह पिस्तौल भी थी जिसका इस्तेमाल उन्होंने लाहौर में 17 दिसंबर 1928 को ब्रितानी पुलिस अफसर जेपी सॉन्डर्स को जान से मारने में किया था।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी हथियार निर्माता कम्पनी कोल्टस की बनाई इस सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के मुताबिक 2017 में पंजाब भेज दिया गया था और फिलहाल यह हथियार फिरोजपुर जिले के हुसैनीवाला के एक संग्रहालय में प्रदर्शित है। रावत ने बताया कि भगत सिंह की शहादत के सम्मान में उनकी इस ऐतिहासिक पिस्तौल की तस्वीर इंदौर में बीएसएफ के शस्त्र संग्रहालय में लगाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएसडब्ल्यूटी में प्रशिक्षण के लिए आने वाले कर्मियों को संग्रहालय के इन हथियारों से परिचित कराया जाता है ताकि उन्हें पता चल सके कि पुरानी पीढ़ी के देशी-विदेशी हथियारों में कौन-सी कमियां थीं और इन्हें कैसे दूर किया गया।





# 'चिंता किसी समस्या का समाधान नहीं, समस्या का समाधान तो चिंतन में है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में गतिमान धर्म व संस्कार शिविर में चौथे दिन आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिंता चिता है, चिंता किसी समस्या का समाधान नहीं है, समस्या का समाधान तो चिंतन में है। तुम अपना थोड़ा सा चिंतन बदल लो, बस तुम्हारे दुःख खत्म हो जाएँगे। जीवन में दुःख है कहाँ? और यदि थोड़ा बहुत है भी तो, उसमें से सुख खोज लो, दुःख में से सुख खोजा जा सकता है।

दुःख में सुख खोजना एक कला है , यह कला हम सभी को सीखनी होगी। आचार्यश्री ने कहा कि मैं वही कला तो सिखा रहा हूँ , बड़े - बड़े दुखों में छोटे-छोटे सुख खोजे जा सकते हैं । खोने के पीछे शोक करने के बजाय जो बच गया है और जो मिला है उसका सुख भोगो , इसी में समझदारी है , इससे पीड़ा कम होगी , खुशियाँ बढ़ेगी ।

जो है सो है - इसी से जीवन में आनंद भर जाएगा। इस अवसर पर आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी ने आत्मा की शुद्धि, तप -त्याग और साधना के महत्व को समझाया। बच्चों से लेकर वृद्ध तक शिविर में अपनी आध्यात्मिक उन्नति के झंकार को अनुभूत कर रहे हैं। आचार्यश्री ने कहा कि जो जीव अरिहंतों, गणधर-गुरुओं की वाणी को प्रीति पूर्वक चित्त लगाकर सुनते हैं, वे नियम से भव्य जीव हैं ।

तुम अपने जीवन को सुंदर व्यवस्थित बनाओ, अस्त-व्यस्त नहीं । इस अवसर पर उपाध्याय श्रीपीयूषसागरजी, प्रवर्तक डॉ मुनिश्री सहजसागरजी ने अपने अनुभव बताते हुए उपस्थित जनों को प्रेरित किया।



# जेबीएन रेफरल मीट में बेंगलूरु व हैदराबाद जीतो लेडीज टीम ने बढ़ाया अपना नेटवर्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर नॉर्थ एवं जीतो चैप्टर हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में लेडीज विंग द्वारा संचालित जीतो बिज़नेस नेटवर्क(जेबीएन)रेफ़रल मीट का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जेबीएन राष्ट्रीय संयोजिका ज्योति जैन ने कहा कि आर्थिक सुदृढ़ हर कोई होना चाहता है। लेकिन घरेलू महिलाओं के ऊपर घर की जिम्मेदारी होती है, वह सामंजस्य बिठाते हुए कैसे आगे बढ़ती है उसके कुछ सूत्र है जो लागू करने से सफल होंगे। बिज़नेस के मंत्र यही है की विचार एवं क्षमताओं के साथ पूर्ण आत्मविश्वास हो, व्यवसाय में आये जोखिम लेने की क्षमता हो और सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता दिलाता है। हैदराबाद ज़ोन संयोजिका सरला भूतोड़िया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐसा मंच है जो आपसी नेटवर्किंग को महत्व देते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। केकेजी जोन संयोजिका यश्मा जैन ने विषय प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीतो बिजनेस नेटवर्क का एक मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और जैन समुदाय के भीतर व्यापार बढ़ाने में मदद करना है। मिलोगे और मांगोगे तो पाओगे यही जेबीएन का विश्वास है। जेबीएन देने के लिए ही बना है। महिला उद्यमिता को किसी भी देश की आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण साधन माना गया है।

हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष सुशील संचेती, महामंत्री परेश शाह, बेंगलूरु चेप्टर अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया ने शुभकामनाएँ दी। इस मीट में बेंगलूरु नॉर्थ जेबीएन वी-कनेक्ट से बिन्दु मेहता, ज़िया जैन, किंजल जैन, लीला पितलिया, मीना जैन, पवन ओस्तवाल, पिंकी मेहता, पूर्वी जसानी, सीमा शाह, सुमन रांका, सुष्मिता सेठिया, तनुजा मेहता,विनुता जैन एवं हैदराबाद जेबीएन से अनेक सदस्याएं शामिल हुई।

विभिन्न सदस्याओं ने पीपीटी के ज़रिए 30-30 सेकेंड की अपने व्यापार की प्रस्तुति दी। हैदराबाद लेडिस विंग अध्यक्ष वीणा जैन एवं बेंगलूरु नार्थ विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने संयुक्त रूप से सभी का स्वागत किया। हैदराबाद कार्यक्रम संयोजिका रंजना जैन एवं सहसंयोजिका अल्पा गांधी ने संचालन किया। बेंगलूरु नॉर्थ कार्यक्रम संयोजिका सुष्मिता सेठिया ने तकनीकी कार्यभार सम्भाला एवं सह-संयोजिका सुमन रांका ने धन्यवाद दिया।

## देवी महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के अण्णम्मा देवी पूजा सेवा समिति बापूजीनगर द्वारा अण्णम्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं शोभा यात्रा में भाग लिया।

# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा : संयुक्त राष्ट्र अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है।

वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

वर्ष 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं' संबंधी बृहस्पतिवार जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है।

हालांकि, कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, औषधि और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है। मध्य वर्ष के ताजा आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से अधिक है।

चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है। अब चीन की 2024 में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसका जनवरी में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चीन की वृद्धि दर 2023 की 5.2 प्रतिशत दर से घटकर 2024 में 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## कविता

# ऐसा लगता है....

जब कभी में तुमसे रूबरू होता हूँ,
ऐसा लगता है !!!
कि दुनिया सिमट कर,
आ गई है मेरे आंगन में ,
और आकाश तुम्हारे आँचल में।
बहुत कोलाहल है,
अंदर भी, बाहर भी,
पर हम एक दूजे में खोये हैं।
ऐसा लगता है !!!


जब कभी में तुमसे रूबरू होता हूँ,
ऐसा लगता है !!!
रास्ते घट कर छोटे हो गए हैं,
पगडण्डी तो बस हाशिए से हैं
सफर भी कुछ कदमों का है कि,
मंजिलें खुद पैरों तले पहुँच गई हैं।
ऐसा लगता है !!!

जब कभी में तुमसे रूबरू होता हूँ,
ऐसा लगता है !!!
हर क्रिया के मायने होते हैं
हवा के बहने का और,
पत्तों के गिरने का सुर होता है,
कच्ची मिट्टी और हरी दूब
का भी स्वाद होता है,
धूप के चढ़ने और चले जाने का,
एक अर्थ होता है।
ऐसा लगता है !!!

जब कभी में तुमसे रूबरू होता हूँ,
ऐसा लगता है !!!
असम्भव तो कुछ है ही नहीं ,
हम हर संभव सामर्थ्य से भरे हैं ,
कोई भी दीवार ऊँची सशक्त नहीं है,
हर पहाड़ और सुरंग भेदी जा सकती है।
ऐसा लगता है !!!

जब कभी में तुमसे रूबरू होता हूँ,
ऐसा लगता है !!!
अशक्त कुछ नहीं पर शक्ति की सीमा है,
छोटी बाँहों में सागर सिमट सकता है,
हम तुम केवल निमित्त मात्र ही सही,
कि जन्म और मृत्यु के बीच नियति है,
जिस में तुम मेरी हो,
और तुम से मिलना ही,
ज़िंदगी है।

ऐसा लगता है !!!



स्वर्णज्योति



# 'प्रयास व विश्वास से भगवान प्राप्ति संभव है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोल्हापुर। शहर के संभवनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि भगवान प्राप्ति के दो उपाय है प्रयास और विश्वास। प्रभु प्राप्ति के लिए भक्त को विश्वास रखकर निरंतर प्रयास करना जरुरी है साथ में आस्था होना उससे भी जरुरी। उन्होंने कहा कि प्रभु प्राप्ति के मार्ग में जितनी बाधाएं आती है उतनी बाधाएं तो सांसारिक जीवन में नहीं आती, भक्त को प्रभु पर विश्वास रखकर बस प्रयास करना चाहिए और फल अपने प्रभु पर छोड़ देना चाहिए। जो प्रभु पर विश्वास करता है, प्रभु उस भक्त पर विश्वास करते हैं। शनिवार को आचार्य श्री विहार करके शिरोली तीर्थ जाएंगे ।

# शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। इस यात्रा की शुरुआत बीजिंग के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की मजबूती को रेखांकित करते हुए चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ शिखर सम्मेलन से हुई। इस शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच 'असीमित' साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है। पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में 'चीन-रूस एक्सपो' में भाग लेंगे और 'हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' में छात्रों से मिलेंगे। हार्बिन चीन के हेलोंगशियान प्रांत की राजधानी है जहां किसी समय बड़ी संख्या में रूसी प्रवासी रहते थे। यद्यपि पुतिन की यात्रा प्रतीकात्मक अधिक है और इसमें ठोस प्रस्ताव कम हैं, फिर भी दोनों देश एक स्पष्ट संदेश भेज रहे हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूट के रिसर्च फैलो जोसेफ टोरीगियन ने कहा कि इस समय वे पश्चिम को बता रहे हैं कि वे जब चाहें तब एक दूसरे के साथ खड़े हो सकते हैं। बृहस्पतिवार को शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया जबकि शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है।

## प्रचार



भुवनेश्वर में दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हेमा मालिनी शुक्रवार को भुवनेश्वर में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करती हुई।

## कार्यशाला





नई दिल्ली में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव लीना नंदन ने इस्पात में स्थिरता बनाए रखने पर राष्ट्रीय कार्यशाला में इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किया।

# देश के भीतर और बाहर जमकर हवाई यात्रा कर रहे हैं भारतीय

नयी दिल्ली। पहले से कहीं अधिक भारतीय अब देश के भीतर या बाहर की हवाई यात्रा कर रहे हैं। इस साल के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ यात्रियों ने भारतीय हवाईअड्डों से यात्रा की। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मास्टरकार्ड इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (एमईआई) की तरफ से जारी यात्रा रुझान 2024: सीमाओं से परे रिपोर्ट में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 13 बाजारों समेत कुल 74 बाजारों में यात्रा उद्योग के विकसित परिदृश्य को लेकर व्यापक नजरिया दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में बढ़ते मध्यम वर्ग और हवाई मार्गों की क्षमता बढ़ने से पहले से कहीं अधिक भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा कर रहे हैं। साल के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ यात्रियों ने भारतीय हवाईअड्डों से यात्रा की। महज 10 साल पहले इस आंकड़े तक पहुंचने में पूरा साल लग गया था।

रिपोर्ट कहती है कि घरेलू हवाई यात्री यातायात 2019 के स्तर से 21 प्रतिशत अधिक बढ़ गया जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्रा में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय यात्री तेजी से प्रमुख बाजारों का रुख कर रहे हैं।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com